24012025-Isp-01_Layout 1 1/24/2025 12:05 AM Page 1

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 12.3 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

13 निषाद समाज है ईमानदार, मेहनती, समर्पण और संघर्षशील: अशोक



13 भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मुस्कान ने किया टॉप



### बजरंग दल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद हुआ खुलासा

# गौ-मांस बेचने वाला फरार दूसरा आरोपी सुपेला पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



गौ-मांस बेचने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 325,3(5) बीएनएस, 10 छ.ग. कृषिक परिरक्षण अधि.के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कृष्णा नगर हड्डी गोदाम के पास गोमांस बेचने की सूचना पर पुलिस मौके पर टीम के साथ पहुंची थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तकियापारा दुर्ग निवासी मो. अनीस कुरैशी को गिरफ्तार किया है। गौ मांस मामले में फरार अनीस को पकड़ने के लिए सुपेला पुलिस थाने में जमकर प्रदर्शन किया था। गोमांस की शिकायत के बाद बजरंग दल ने एक स्टिंग किया था। जिमें देखने के बाद सुपेला क्षेत्र में जमकर वायरल हुआ था। उसके बाद गोमांस का मामला तुल पकड़ा था। पुलिस ने इसी मामले में आरोपी राज सोनी उर्फ राजेश को एक दिन पहले पकड़ा था। उसके मकान से दस किलो गौ मांस, दूसरे मकान से 30 किलो जब्त किया था। इसके साथ ही अनीस कुरैशी के गोदाम से दस गाय की खाल को जब्त किया गया।

## अधिवक्ता और इंजीनियर हादसे में बाल-बाल बचे

**भिलाई।** अधिवक्ता और सिविल इंजीनियर की कार को ट्रक ने ठोकर मार दी घटना में दोनों बाल-बाल बच गए। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है।हथखोज इंजीनियरिंग पार्क उमदा रोड और चरोदा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में ट्रक की ठोकर से कार सवार बाल- बाल बचा। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि छावनी निवासी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह बुधवार को अपनी कार से नरेन्द्र सागर वंशी के साथ एम्स अस्पताल रायपुर जा रहे थे। तभी इंजीनियरिंग पार्क हथखोज उमदा रोड टाटा वर्कशाप के पास पीछे से आ रही ट्रक चालक ने कार के बायें तरफ ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मोवा रायपुर निवासी सिविल इंजीनियर हिमांशु साहू अपनी कार से दुर्ग जा रहे थे।

## मिलन समारोह 26 जनवरी को

**भिलाई।** अभाउ समाज द्वारा 26 जनवरी सुबह 10 बजे से वार्ड 51 उत्कल भवन पं. दीनदयाल पुरम नगर खुर्सीपार में गणतंत्र दिवस और पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि इस दौरान ध्वजा रोहण, मटका फोड, कुर्सी दौड, गोली चम्मच, का सम्मान समारोह होगा। अतिथि उद्योगपति दीनबंधु तांडी, समाजसेवी कृष्णा सोना, संजय सोनवानी मौजूद होंगे।

## लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से गायब हुई सात वर्षीय बालिका को पुलिस ने सुरक्षित उसके परिजनों के पास भेज दिया। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी बालिका की नहीं मिल पाई। पदमनाभपुर पुलिस में शिकायत के बाद वार्ड 51 निवासी नाबालिग घर में अपने सहेलियों के साथ खेलने जाने की बात बताकर लापता हुई थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने साईबर प्रहरी ग्रुप की मदद से नाबालिग बच्ची का फोटो वायरल किया गया।

## सरकारी वाहन का दुरुपयोग, रिसाली निगम का राजस्व उप निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


रिसाली निगम में सरकारी वाहन का निजी उपयोग, वीडियो हुआ वायरल


रिसाली निगम में सरकारी वाहन का दुरूपयोग के मामले में आयुक्त मोनिका वर्मा ने संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक विनोद शुक्ला को निलबिंत कर दिया है। शुक्ला निलंबन अवधि में आयुक्त कार्यालय में सेवाएं देंगे। इसके पहले वे राजस्व विभाग के रोका छेका प्रभारी थे।बीते दिन सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। वीडियों में काऊ केचर वाहन में खाद लदा हुआ था। साथ ही निगम के श्रमिक खेत में काम करते नजर आ रहे थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसे गंभीर प्रकरण मानते हुए पहले विनोद शुक्ला को निलंबित किया। शुक्ला के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत आई थी। तब तत्कालीन आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कार्य में लापरवाही न बरतने कहा था।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
SINCE 1926
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
संपूर्ण भारत में 45 से अधिक केन्द्र
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा
सेनेटरी इंस्पेक्टर डिप्लोमा कोर्स



(न्यूनतम योग्यता -12वीं पास) एक वर्षीय कोर्स
छत्तीसगढ़ में एकमात्र केन्द्र
रेगुलर बैचः प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार)
हॉलीडे बैचः प्रत्येक रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश
रोजगार के अवसर
नगर निगम / पालिका / पंचायत, रेल्वे, AIIMS, कंटोन्मेंट बोर्ड (रक्षा विभाग), पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज, होटल एवं हॉस्पिटलिटी उद्योग, जलापूर्ति एवं विसंक्रमण एजेंसी, चीनी मिल, स्वच्छ भारत अभियान पर केन्द्रित संगठन एवं अन्य विभाग.
ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रवेश की सुविधा
स्वच्छता योद्धा बने प्रवेश हेतु संपर्क करें- 7987637627, 9977337777, 0771-4915511
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
प्रथम तल, आदर्श टावर, लिबास टेलर के बाजू, तात्यापारा चौक के पास, रायपुर, (छ.ग.) 492001, Website: www.aiilsg.org
Khanna



# नामांकन दाखिल करने चार दिन शेष, पार्षद के लिए बिके 92 नामांकन फार्म

**28 जनवरी तक नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि, टिकट मिलने का भी इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

नगर निगम चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिले का खाता खुला। दूसरे दिन पार्षद के लिए 92 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा हैं, वहीं अध्यक्ष और मेयर के लिए पांच ने फार्म खरीदा है।

दूसरे दिन जिला कार्यालय में उम्मीदवारों के बीच जमकर उत्साह देखा गया। अब नामांकन पत्र लेने और दाखिल करने सिर्फ चार दिन मिलेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा देर रात एक आदेश जारी कर शनिवार को भी नामांकन पत्र ले जाने के निर्देश दिए हैं। शहर के 60 वार्डों में से पहला नामांकन पत्र किल्ला मंदिर वार्ड क्रमांक 7 से आनंद कपूर ताम्रकार ने कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में दाखिल किया है। उन्होंने यह नामांकन चुनाव अधिकारी हरवंश सिंह मिरी के समक्ष जमा किया। वहीं नामांकन के दूसरे दिन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदी के लिए भारी उत्साह दिखाया। फलस्वरुप कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की चहल-कदमी बनी रही।

गुरुवार को कांग्रेस से भोला महोबिया वार्ड 30, दीपक साहू वार्ड 43, अब्दुल गनी वार्ड 8, विजेंद्र पटेल ने वार्ड 5 से नामांकन पत्र खरीदा। पूर्व महापौर व कांग्रेस नेता आरएन वर्मा के लिए वार्ड 26 से उनके समर्थक विमल यादव द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया है। इसी प्रकार भाजपा से आफीफा तैय्यबा वार्ड 41, छन्नूलाल साहू के अलावा अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। नामांकन दाखिले के पहले दिन 22 दिसंबर को महापौर पद के लिए प्रत्याशी मधु गजपाल व पार्षद पद के तीन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए थे। नामांकन पत्र दाखिले की अंतिम तिथि 28 जनवरी है। फिलहाल अभी भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य राजनीतिक दलों द्वारा अपने महापौर व पार्षद पद के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की गई है।

### सोमवार को दिखेगी चहल पहल

अलग खबर

माना जा रहा है कि, आगामी दो दिनों में दोनो पार्टी नामों की घोषणा कर देगी। जिसके बाद लिहाजा 27 जनवरी सोमवार को नामांकन दाखिले के लिए कलेक्टोरेट में प्रत्याशियों का रैली लगेगा। नामांकन प्रक्रिया के चलते कलेक्टोरेट में सुरक्षा के चौक चौबंद व्यवस्था किए गए हैं। कलेक्टोरेट के मुख्य प्रवेश द्वार के पहले ही बैरिकेट लगाए गए हैं। वहीं पुलिस अफसरों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जिससे नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में जारी है।



### अध्यक्ष-महापौर के पांच और पार्षद के 92 पत्र खरीदे

नगरीय निकाय चुनाव-2025 के अंतर्गत गुरूवार को अध्यक्ष, महापौर के 5 और पार्षद के 92 नामांकन पत्र खरीदे गये हैं। जिसमें नगर निगम दुर्ग अंतर्गत पार्षद हेतु 57, नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत अध्यक्ष हेतु 01 और पार्षद 05, नगर पालिका परिषद अहिवारा अंतर्गत अध्यक्ष हेतु 02 और पार्षद हेतु 07 नामांकन पत्र खरीदे गये है। इसी प्रकार नगर पंचायत धमधा अंतर्गत अध्यक्ष हेतु 01, नगर पंचायत पाटन अंतर्गत पार्षद हेतु 15 और नगर पंचायत उतई अंतर्गत अध्यक्ष हेतु 01 एवं पार्षद हेतु 08 नामांकन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा खरीदी की गई है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शपथ ग्रहण आज

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यालय जहां शनिवार अवकाश रहता है, वहां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल आज

**दुर्ग।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे प्रथम बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई दुर्ग में होगी। जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को उक्त रिहर्सल में अनिवार्यतः अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### गणतंत्र दिवस समारोह में डॉ.रमन होंगे अतिथि

**दुर्ग।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर



जिला मुख्यालय के भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के प्रथम बटालियन में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य समारोह में प्रातः 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।

### भेड़सर में मंडई मेला का आयोजन 28 को

**दुर्ग ।** समीपस्थ ग्राम भेड़सर में समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से 28 जनवरी को मंडई-मेला का आयोजन किया गया है। साथ ही रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोककला नाचा जीवन ज्योति जिरीटोला अंबागढ़ चौकी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी तेजराम साहू ने दी।

### कलेक्टोरेट से 100 मीटर प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आगामी आदेश तक कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के 100 मीटर के परिसर को प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया है। परिसर में किसी भी प्रकार की रैली, धरना, प्रदर्शन, सभा अथवा पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्रित होने पर प्रतिबंधित होगा। इस क्षेत्र में लाउडस्पीकर, माइक या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी संगठन या व्यक्ति शांति बनाए रखते हुए अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रतिनिधि मंडल के रूप में ज्ञापन सौंप सकेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## निधन

### मदनलाल छाजेड़

**दुर्ग।** पुलगांव चौक स्थित मधुबन



मरछदानी फर्म के संचालक मदनलाल छाजेड़ उम्र 81 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे एवंता, टीकम छाजेड़ के पिता थे।

## युवा कांग्रेसियों ने पार्षद पद के लिए भरी हुंकार, टिकट के लिए दौड़

# कांग्रेस पार्टी से युवाओं ने की दावेदारी नए चेहरों को मौका देने की मांग

**कांग्रेस कल करेगी पार्षदों की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

नगरनिगम के वार्ड पार्षद के लिए युवा कांग्रेसियों ने भी खुलकर टिकट मांगे है। पार्षद की टिकट के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से गुहार लगाने के बाद उन्हें आश्वासन भी दिया जा रहा है। युवा कांग्रेस ने साफ कहा हैं कि, नए चेहरों को भी पार्षद बनाने मौका देना चाहिए। बहरहाल कांग्रेस आगामी 25 जनवरी तक पार्षद के दावेदारों में से अधिकृत प्रत्याशियों का ऐलान करने का दावा कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि, शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग संगठन में वरिष्ठ नेता ही कमान संभाले हैं। पार्टी में योग्य युवाओं के होने के बाद भी उन्हें जिम्मेदारी देने से दूर रखा गया है। यही कारण है कि युवा कांग्रेसियों ने खुलकर पार्षद के टिकट के लिए दावेदारी कर दी है। जैसे-जैसे ही निगम चुनाव नजदीक आ रहे हैं राजनीतिक दलों के दावेदारों की सुगबुगाहट तेज होते जा रही है। शहर के 60 वार्डों में कांग्रेस एवं भाजपा दोनों में युवाओं की भूमिका भी अहम हो सकती है। कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशियों का नाम की घोषणा नहीं की है, हर वार्ड में लगभग दो-तीन दावेदार सक्रिय है एवं अपने दावेदारी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे है।

नगरीय निकाय चुनाव 2025

### इन्होंने पार्टी को दिया आवेदन फार्म

दावेदारों में बात की जाए तो वार्ड 45 से आयुष शर्मा का नाम प्रमुखता से आ रहा है। आयुष वर्तमान में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हैं, पूर्व विधायक अरुण वोरा के करीबी है, वहीं वार्ड 53 से अंशुल पांडे ने भी आवेदन किया हुआ है। अंशुल पांडे पूर्व में नगर निगम के एल्डरमैन रह चुके हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 1 नयापारा से युवा कांग्रेसी चिराग शर्मा ने भी आवेदन किया है, चिराग युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक है। वार्ड 3 से विजय साहू ने आवेदन किया हुआ है। विजय साहू पूर्व में भी एक बार पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं वार्ड 42 से गौरव उमरे की भी दावेदारी की खबर है।

### भाजपा ने सभी वार्ड में तय कर लिए सिंगल नाम, जल्द घोषणा की तैयारी




### आधे वार्ड का सिंगल नाम तय

जानकारी अनुसार कांग्रेस ने साठ वार्ड में करीब 35 नाम सिंगल तय कर लिए है। वही पचास फीसदी वार्ड में अभी भी कडी मशक्कत बनी हुई हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, आगामी 25 जनवरी तक पार्षदों के टिकट की घोषणा हो जाएगी। वही दूसरे दिन मेयर प्रत्याशी के नाम सामने आ सकते है। इधर बीजेपी साठ वार्ड में सिंगल नाम तय कर चुकी हैं। खबर है कि गुरूवार को देर रात एक बैठक कर पार्षद की सूची तय कर ली है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को घोषणा हो सकती हैं।

## गाइडलाइन के अनुसार होगा गणतंत्र दिवस झांकी का निर्माण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने आज जिला पंचायत सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर गणतंत्र दिवस की तैयारी की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गाईडलाइन के अनुसार झांकी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। सीईओ श्री दुबे ने कहा कि किसी भी स्थिति में राजनीतिक प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं होगी। झांकी में केन्द्र एवं राज्य की प्रचलित योजनाओं का उल्लेख किया जा सकेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर शासन की प्रचलित योजनाओं का झांकियों के रूप में प्रदर्शन किया जा सकेगा। झांकियों में राजनैतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाये जा सकेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार की नई घोषणाएं नहीं की जा सकेंगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है किन्तु यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का राजनीतिक प्रचार-प्रसार ना हो। त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिनका कार्यकाल शेष है वे अपने त्रिस्तीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालय में ध्वजारोहण कर सकेंगे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सभी आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, जेल विभाग, व्यवसाय एवं व्यापार विभाग, पशु विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, श्रम विभाग, क्रेड विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग के आधिकारी उपस्थित थे।

**कार्रवाई**

## जमीन फर्जीवाड़ा करने वाले पांच के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जमीन फर्जीवाडा के मामले में न्यायालय दुर्ग के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि पुरुषोत्त लाल गोसाई ने परिवाद न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि कुमार महोबिया के पास पेश किया। जिसमें न्यायालय के आदेश पर निखिल कुमार , परवीन बेगम ,मोहम्मवद तस्कीन , लक्ष्मी नारायण मराठा ,अतुल गुप्ता समेत अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया गया है। परिवादी अपने पिता के निधन के बाद कातुलबोर्ड जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/2 पर पिता चरणलाल गोसाई का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर फौती नामांतरण नहीं करा पाए हैं। पीड़ित राजस्व कार्रवाई कराने के पूर्व हल्का पटवारी कातुलबोर्ड 7 अप्रैल 2024 को गया था। जहां पर मो. तस्कीन नामक व्यक्ति और एक महिला थी। जो बाद में पता चला कि परवीन बेगम, निखिल कुमार (छदम व्यक्ति) खडा था। निखिल कुमार का नाम पीड़ित नहीं जानता था लेकिन मो. तस्कीन को जानता था क्योंकि वह जमीन कारोबारी है। पांचो मिलकर उक्त जमीन से जुड़े कुछ दस्तावेज लेकर पटवारी के पास पहुंचे थे। पुरुषोत्तम लाल गोसाई को देखकर पटवारी कार्यालय के बाहर निकल गए। तब पीड़ित ने पटवारी से पूछताछ किया तो भूमि खसरा नम्बर 142/2 ग्राम कातुलबोर्ड के बारे में पटवारी को चरणलाल गोसाई का खसरा बी 1, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका दिखाया। तब पता चला कि हल्का पटवारी कातुलबोर्ड ने उन्हें बताया कि खसरा नंबर 142/2 के बारे में परिवादी उत्तराधिकारीगण होने के नाते पूछताछ कर रहा हैं। उक्त जमीन से जुडे 2023 का चरणलाल गोसाई का दानपत्र चरण लाल गोसाई ने निष्पादित किया है। ऐसा कहकर आरोपीगण पटवारी के पास पहुंचे थे। पटवारी रिकार्ड व अन्य दस्तावेज चेक कर रहा था। जमीन हथियाने के लिए निखिल कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसमें गवाह के रुप में अतुल गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मराठा, जमीन कारोबारी मोहम्मद तस्कीन, परवीन बेगम को बनाया था। पीड़ित को जानकारी लगने पर पुलिस थाने का चक्कर लगाता रहा लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में परिवाद दायर किया गया।

**फैक्ट्री से कॉपर केबल चोरी :** भिलाई। वाहन चालक व खलासी ने मिलकर फैक्ट्री से कॉपर केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों कते खिलाफ धारा 305 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड हथखोज में प्रशासनिक प्रबंधक के पद पर अनूप कुमार है। कंपनी के भीतर स्क्रैप वाहन लेकर पहुंचे चालक व खलासी बी. कार्तिक और राज किशोर राम द्वारा कापर केबिल वायर को चोरी कर फरार हो गए। वाहन सीजी 15 एसी 1175 के सेक्टर 6 तेलगू पारा निवासी चालक बी कार्तिक और सेक्टर 06 तेलगू पारा राज किशोर राम दोनों ने मिलकर 23 जनवरी की रात कंपनी के बाउंड्रीवाल से बाहर कॉपर केबल फेका वजन 36.800 किलो ग्राम है। जिसकी कीमत 22 हजार रुपए आंकी गई है। उक्त चालक और खलासी के व्यवहार से प्रतीत होता है। दोनों आदतन अपराधी हैं केबिल को फेंकते कंपनी के सुरक्षा कर्मी बसंत कुमार साहू और भोजकुमार कंवर ने देखा।

### रक्तदान शिविर का कल

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग ब्लड सेंटर (ब्लड बैंक) में 25 जनवरी को प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक रक्तदान शिविर व रक्तदान उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग में निःशुल्क वाहन पार्किंग सुविधा एवं प्रशस्तिपत्र दिया जायेगा। ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के अधिक से अधिक आयोजन से ही सुनिश्चित किया जा सकता है। दुर्घटना, आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के हित हेतु रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा में जनसमान्य द्वारा अपना अमुल्य योगदान दिया जा सकता है। वजन के अनुसार स्वस्थ्य शरीर में 05 से 06 लीटर रक्त होता है, जिसमें से शरीर रक्तदाताओं को एक बार में केवल 350 मि.ली. ही रक्तदान करना होता है। रक्तदान के समय वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लडग्रुप, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाईटिस, वी.डी.आर.एल की निःशुल्क जॉच होती है। व्यस्क लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष हो, वजन 45 कि.ग्राम से उपर हो, वह रक्तदान कर सकते है। हर तीन माह (90दिन) के अंतराल पर पुरूष तथा हर 4 माह (120 दिन) के अंतराल पर महिला रक्तदान कर सकती है। जनसामान्य से अपील है कि इस मानवीय कार्य में 25 जनवरी दिन शनिवार को सभी को रक्तदान के लिये प्रेरित करें एवं रक्तदाताओं को रक्तदान शिविर तक लाने में मदद करें ताकि रक्तदान से ब्लड बैंक में सभी ग्रुप्स के रक्त युनिट उपलब्ध हो पायें।

## आबकारी विभाग दुर्ग ने शराब माफियाओं पर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

- आरोपी के पास से 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 12 ब्लैक व्हाइट किया जब्त



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग जीके भगत एवं सहायक आयुक्त आबकारी जिला दुर्ग सीआर साहू के मार्गदर्शन में 22 जनवरी 2025 को रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा अवैध शराब के परिवहन, धारण एवं विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर कैम्प 2 क्षेत्र, भिलाई में आरोपी संजय कुमार सैनी के कब्जे से मध्यप्रदेश प्रांत की हाई रेंज की शराब 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 12 बोतल ब्लैक व्हाइट को ज्यूपिटर स्कूटी दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 बीबी 2947 में परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा वृत्त भिलाई 2 द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार कुल 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड व 12 बोतल ब्लैक एंड व्हाइट शराब का बाजार मूल्य लगभग 63440 रूपये साथ ही परिवहन में प्रयुक्त दो पहिया वाहन की कीमत लगभग 20000 रूपये है। इस प्रकार जप्त सामग्री की कुल बाजार मूल्य लगभग 83440 रूपये है। इस प्रकरण मे जिला दुर्ग आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल, भूपेंद्र नेताम, प्रियांक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, देव प्रसाद पटेल, खुलदीप यादव, अशोक वर्मा एवं वाहन चालक दीपक राजू, दुर्गा साहू एवं धनराज का योगदान रहा।

### टैक्स वसूली भिलाई निगम की पहली प्राथमिकता

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में भवनों-भूमियों पर बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य करों की वसूली करदाताओं से संपर्क कर राशि की वसूली करने के निर्देश आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने दिये है। अच्छी वसूली होगी शासन की जानकारी जनकल्याणकारी योजनाएं का कार्य होंगा। कर्मचारियों का समय पर वेतन होगा। सभी बिजली विभाग बिल इत्यादि का भुगतान होगा। जिसके लिए राजस्व करों की वसूली हेतु सप्ताहित, मासिक, वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर उसकी जानकारी विभाग में उपलब्ध कराने कहा गया है। जो भी एजेंसी के कर्मचारी करदाताओं से संपर्क कर रहे है। उसे रजिस्टर में रिकार्ड रखे जाने के निर्देश भी दिये है। आयुक्त पाण्डेय ने वसूली एजेंसी प्रबंधक मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को निर्देशित किये है। नपानि अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन जारी कये गये कुर्की वारंट की अघतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत करें। साथ ही प्रतिदिन की गई कुर्की की कार्यवाही से अवगत कराते रहे। राजस्व करो की वसूली करने प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त कर्मचारी रखने एवं वार्डो में मुनादी कराने के निर्देश भी दिये है। साथ ही करदाताओं के यूजन चार्ज के डिमांड को अपडेट किये जाने को कहा है। संबंधित बकायदाओं को एजेंसी के आदमी फोन करें उनको जानकारी दें जानकारी देकर उनके घर तक जाएं। एजेंसी को करो की वसूली के लिए पुर्नमुल्यांकन हेतु एप्रुवल आई.डी तैयार कर उसे निगम द्वारा तैयार किये गये पोर्टल में लिंक करने को कहा गया है।

## ऑक्सीजन प्लांट में कार्मिकों को किया सुरक्षा के लिए जागरुक



**भिलाई।** बीएसपी के आक्सीजन प्लांट–2 में आयोजित सुरक्षा जागरूकता समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एके जोशी तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल थे। अध्यक्षता महाप्रबंधक पीसी बाग ने की। जागरूकता सप्ताह के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में आग लगने के कारणों एवं बचाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सुरक्षा से संबंधित पोस्टर, स्लोगन, क्विज, कविता और सुरक्षा सावधानियों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन में कार्मिकों के साथ–साथ ठेका श्रमिकों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विभागीय अधिकारी महाप्रबंधक मो. नदीम खान, महाप्रबंधक प्रतिभा एएच, सहायक महाप्रबंधक शक्ति मानिकपुरी, एन ए अंसारी सहित बड़ी संख्या में विभाग के कार्मिकगण एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे। संचालन राजेश ठाकुर ने किया और धनयवाद ज्ञापन अनुपम प्रसन्ना द्वारा दिया गया।

**76 फीट तिरंगा लेकर चलेंगे कार्यकर्ता**

# एनएसयूआई की तिरंगा पैदल यात्रा 26 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

**गणतंत्र दिवस के अवसर पर होंगे विविध आयोजन**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की सुबह 10.30 बजे एनएसयूआई द्वारा 76 फीट लंबा तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया ने पत्रकारवार्ता में दी।

तिरंगा यात्रा के आयोजनकर्ता एनएसयूआई के साथ ही कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा है। सौरभ मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि पिछले साल भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया था। इससे प्रेरणा लेकर हम सभी तिरंगा की पैदल यात्रा निकाल रहे है। श्री कन्नौजिया ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कांग्रेस महिला, सेवादल समेत एनएसयूआई के सदस्यों इसमें शामिल होंगे। तिरंगा की पैदल यात्रा ग्लोब चौक से पुष्प वर्षा और देश भक्ति गानों के साथ निकाली जाएगी। जो शहीद पार्क सेक्टर 5 में जाकर खत्म होगी। देश के 76 वां गणतंत्र दिवस पर्व पर 76 फीट लंबा तिरंगा यात्रा होगा। हर वर्ष यह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसकी लंबाई हर वर्ष एक-एक फीट बढती जाएगी। पूर्व छात्रों द्वारा शहीद पार्क में उत्साह पूर्वक रंगोली भी बनाया जाएगा। पत्रकारवार्ता में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, फराज अहमद, निखिल चौबे, सुरेन्द्र बाघमारे, करण वैष्णव, आकाश कुर्रे, दीपक पॉल, आकाश दाहत मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### शीतला मंदिर उतई में हुआ भजन कीर्तन

**उतई।** अयोध्या में राम लला प्रतिमा स्थापना के एक वर्ष पूरा होने पर नगर के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा शीतला मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, कीर्तन हुआ। तदपश्चात महाभोग भंडारा प्रसादी वितरण शुरू हुआ। नगर के सभी नागरिक प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान नगर के ब्राह्मण समाज से रूप नारायण शर्मा, विजय पांडेय, मनोज शर्मा, उमाशंकर अवस्थी, गिरीश शर्मा, गुलशन शर्मा, चंद्रमणि सहित नगर के सर्व समाज के ब्राह्मण लोग नगरवासियों को महाभोग भंडारा का प्रसादी वितरण किए।

### निकुम मंडई में अंडा पुलिस की रही पैनी नजर



**निकुम।** अंचल के प्रसिध्द श्री सिध्दपीठ हनुमान मंदिर निकुम बाजार चौक में मंगलवार को पांरपरिक ढंग से मेला मंडई में अंडा पुलिस की पैनी नजर मंडई में चप्पे चप्पे पर रही। वही मेले मंडई में भारी संख्या में अंचल से ग्रामीण पहुंचे। वहीं रात्रि में ग्राम पंचायत निकुम व समाजिक कार्यकर्ता धमेन्द्र साहू के सहयोग से नाचा का आयोजन सफल हुआ। थाना निरीक्षक अंडा भानुप्रताप साव अपनी पुलिस टीम के साथ मंडई में रहे। वहीं शांतिपूर्ण ढंग से मेला मंडई हुआ।

### अंडा में जसगायन और झांकी प्रतियोगिता कल से

**अंडा।** दीपकिरण जस झंकार मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अंडा ग्राम आबादी पारा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 जनवरी को रखा गया है। मुख्य अतिथि टिकेश्वरी देशमुख सभापति जनपद दुर्ग, अध्यक्षता राधेश्याम चन्द्राकर, विशेष अतिथि डॉ. सुदामा चन्द्राकर पूर्व जिला टीकारण अधिकारी, मनीष चन्द्राकर ज.पं. सदस्य अण्डा, उमादेवी चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अंडा आदि उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह 26 जनवरी को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, राधेश्याम चन्द्राकर, डॉ. सुदामा चन्द्राकर पूर्व जिला टीकारण अधिकारी आदि सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी राजेश कुमार धीवर, उमेश साहू, संतोष साहू ने दी।

### ढौर के ग्रामीणों ने सुना पीएम मोदी के मन की बात




**सेलूद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात की कार्यक्रम के तहत 118 एपिसोड में देशवासियों के समक्ष अपना विचार रखा है जिसमें उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ की अग्रिम बधाई दी है। इसमें महान नेताओं ने संविधान सभा में देश की एकता अखंडता लोकतंत्र के बारे में अपना विचार रखा है उसकी परिणाम के रूप में हमारा संविधान तैयार हुआ है इन सभी देशभक्तों को अपनी तरफ से उन्होंने सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त किया है। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर व राजेंद्र प्रसाद की ओरिजिनल आवाज देशवासियों को सुनाया। उन्होंने भारत को मदर आफ डेमोक्रेसी बताया है। अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ओर श्रद्धांजलि देते हुए उनके किए गए कार्यों को देश की युवाओं को प्रेरणा लेने की बात करते हुए इस एपिसोड को समाप्त किया। इस कार्यक्रम में ग्राम ढौर के हर प्रसाद आडिल, काशीराम, गोदावरी, दीपा इंद्राणी सपहा, मंजू साहू, हेमलता गायकवाड, गंगा, ममता, रोमनाथ, रामलाल साहू, शालिकराम आदि उपस्थित थे।

## भाजपा से आठ और कांग्रेस से पांच ने प्रस्तुत की अपनी दावेदारी

# नगरीय निकाय चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही दावेदार हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही नगर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई थी, वहीं 20 जनवरी को चुनाव के तारीख की घोषणा के साथ ही दोनों ही प्रमुख पार्टियों के दावेदार अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क में जुट गए हैं। बता दें कि इस बार कुम्हारी पालिका में अध्यक्ष पद के लिए महिला ओबीसी होने के कारण दावेदारों में सक्रियता कुछ ज्यादा ही दिखाई देने लगी है। वहीं वार्डों के परिसीमन के बाद कई पूर्व पार्षद भी अपने लिए नई जगह तलाशने में जुट गए हैं।

परिसीमन से कई वार्डों के सशक्त दावेदारों को भी अपनी जमीन तलाशने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। विगत 10 वर्षों के बाद इस बार अध्यक्ष पद के लिए महिला ओबीसी होने की वजह से यहां कड़ा मुकाबला होने की प्रबल संभावना है। हमेशा की तरह इस बार भी मुख्य राजनैतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशी के साथ इस चुनाव में अपना प्रतिनिधि बनाने के लिए चुनावी गुणा भाग में लगी हुई है। पिछले दिनों स्थानीय भाजपा की बैठक में अध्यक्ष और पार्षद पद के दावेदारों ने अपनी दावेदारी आलाकमान तक पहुंचा दी हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से संभावित नाम तो उभरे हैं, लेकिन इस दौड़ में शायद कुछ नाम और उभर कर सामने आ सकते है।

अगर निर्दलीय प्रत्याशियों की बात करे तो अब तक पार्टी से इतर कोई चेहरा सामने नहीं आया हैं जिसकी दावेदारी को लेकर कोई चर्चा हो रही हो। अगर देखें तो इस मामले में भाजपा की ओर से दावेदारों की लंबी सूची हैं जिन्होंने स्वयं को प्रबल दावेदार मानकर टिकट की मांग की हैं वहीं कांग्रेस में संख्या कम है। इस बार दोनों ही पार्टी के दावेदार पढ़े लिखे, सुलझे हुए और अपनी-अपनी पार्टी के लिए समर्पित लोग हैं। लगता है इस बार पार्टी को दावेदारों की फेहरिस्त देखकर गहन विचार, चिंतन और उनके कार्यों को देखकर ही फैसला करना पड़ेगा। जहां भाजपा के दावेदारों के फेहरिस्त को लगभग विराम लग गया है वहीं कांग्रेस ने अभी भी दावेदारों के लिए रास्ते खुले रख छोड़े हैं।

### टिकट के लिए कर रहे मशक्कत



### जनसंपर्क में जुट गए हैं कांग्रेस और भाजपा के दावेदार

चुनाव के तारीख के घोषणा के साथ ही तमाम दावेदार सक्रिय होकर जनसंपर्क में जुट गए हैं जहां कांग्रेस के दावेदार विकास के मुद्दे को लेकर ताल ठोक रहे हैं वहीं भाजपा के लोग सत्ता में आने के पश्चात नगर के चहुंमुखी विकास को लेकर अपनी बात कहते सुने जा रहे हैं। भाजपा के दावेदारों में प्रमुख रूप से योगिता वर्मा, रागिनी निषाद, तृप्ति चंद्राकर, बबीता साहू, मीना वर्मा, रितिका यादव, संध्या साहू एवं कंचन लता चंद्राकर प्रमुख हैं। भाजपा के ये सभी दावेदार उच्च शिक्षित सामाजिक गतिविधियों में अग्रणीय एवं पार्टी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाने जाते हैं। इनमें से कुछ पूर्व में पार्षद तो कुछ के पति पार्षद रह चुके है सभी की अपनी अपनी योग्यताएं है जिसके दम पर इन्होंने टिकट के लिए ताल ठोकी हैं।

### पार्टी स्तर पर अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं

इसी तरह कांग्रेस के दावेदारों में प्रमुख रूप से रामप्यारी पटेल, प्रियंका चंद्राकर, बेबी वर्मा, गीतांजलि साहू एवं मीना साहू भी उच्चशिक्षित, सामाजिक एवं पार्टी स्तर पर अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। इसमें से ज्यादातर दावेदारों के पति लगातार पार्षद पद में रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहे हैं। बहरहाल, नगरीय निकाय के इस चुनाव में दोनों राजनीतिक दल किसे अपना उम्मीदवार चुनती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन दोनों ही पार्टियों के समक्ष यह तो चुनौती अवश्य हैं कि भाजपा को 10 वर्ष के पश्चात नगर पालिका में काबिज होने का मौका मिलेगा या कांग्रेस गत वर्षों की अपनी विजयी परंपरा को क़ायम रख पाएगी?

## निषाद समाज है ईमानदार, मेहनती, समर्पण और संघर्षशीलः अशोक



**पाटन।** केसरा में निषाद समाज के तत्वावधान में भक्त गुहा निषादराज जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप पाटन शामिल हुए। अध्यक्षता डॉ. घनश्याम निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज ने किया। विशेष अतिथि देवकुमार निषाद अध्यक्ष तहसील निषाद समाज, केजुराम निषाद, सुरेश निषाद सदस्य जपं, डॉ. ईश्वर निषाद, नारायण निषाद, देवनाथ निषाद सहित सभी सामाजिक बंधुओं, माताओं की उपस्थिति में सिया रामचंद्र, भक्त गुहा निषादराज की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि, शांति खुशहाली की मंगलकामना किए। जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू ने निषाद भाइयों बहनों को भक्त गुहा निषादराज जयंती की बधाई प्रेषित करते हुए ईमानदार, मेहनती, समर्पण एवं संघर्षशील समाज बतलाया। उन्होंने आगे समाज को एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। युवाओं को समाज के मुख्य दिशा में जुड़कर अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए पारिवारिक, सामाजिक,राजनीतिक दायित्वों का परिपालन करना चाहिए। इस अवसर पर चंदू निषाद, भागवत सिन्हा सरपंच, नरेंद्र साहू, परमेश्वर निषाद, प्रहलाद निषाद, चोवाराम निषाद, दुकालू राम निषाद, बहुरसिंह निषाद, संतोष निषाद, राजाराम सिन्हा, टहलू राम, लखन निषाद आदि उपस्थित थे।

■ केसरा में मनाई गई भक्त गुहा निषादराज जयंती

## निकुम में सालभर से धूल खा रही नई एटीएम मशीन, उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

निकुम में बीते कांग्रेस शासन के कार्यकाल में ग्रामीणों व आम नागरिकों की मांग पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक निकुम की सौगात मिले। एटीएम बीते एक वर्ष बीत जाने के बाद भी एटीएम सुविधा नही होने से बहुत परेशानी हो रही है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया लेकिन किसानों व आमजन की सुविधा नही मिलना भाजपा सरकार के स्लोगन हमने बनाया हम ही सवांरगे को मानो दांत चिढ़ा रहा है, वहीं जिम्मेदार भी मौन है। वहीं इस गांव सिर्फ एक ही बैंक होने के कारण लंबी लाइन लगाकर पैसा निकालना मजबूरी है, गौर हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों ग्राम पंचायत निकुम को पंचायती राज पुरुस्कार से पूर्व तमगा पहनाया गया, लेकिन एटीएम की सुविधा नही मिलने से एटीएम कार्डधारी परेशान है, बकायदा लोगों को बैंक में एटीएम कार्ड जारी कर दिये जाते है और कार्ड का चार्ज भी लिया जाता है। एटीएम निकुम से 11 किमी दूर अंडा, अंजोरा, सोमनी, कोलिहापुरी में है, जिसके कारण पैसा निकालने कोसो दूर जाकर पसीना बहाना पड़ता है। निकुम में स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आत्मानंद स्कूल, हाटबाजार व 15 गांवों रुदा, भोथली, आलबरस, गोड़ेला, खुर्सीपार, मासभाट, आमटी, खुरसुल के प्रमुख सेंटर में एटीएम सुविधा नहीं मिलना दुभार्ग्य है। वहीं ग्राहक सेवा केन्द्रों व लोक सेवा केन्द्रों में अन्य बैंक का पैसा लेन देन करने पर 10 प्रतिशत राश अतिरिक्त देना आमजनों की मजबूरी बन गई, जमा व निकासी के नाम पर जमकर लूट हो रही है। ग्राहक व लोक सेवा केन्द्र से दस हजार निकालने पर सौ रुपये अतिरिक्त देना लोगों की मजबूरी बन गई। वही ग्राम निकुम के दिनेष साहू ने कहा कि ग्रामीणों को एटीएम क सविधा मिलें । जबकि किसानों को धान की राशि निकालने, कॉलेज के बच्चों को, व्यापारियों को लेन देने करने एटीएम की जरुरत पड़ती है, लेकिन एटीएम मशीन की सुविधा नही होने से निराश होना पड़ता है।




■ एटीएम की सुविधा नहीं मिलने से एटीएम कार्डधारियों को हो रही दिक्कतें

## कुथरेल में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग जिले में दशहरा के लिए प्रसिद्ध ग्राम कुथरेल इन दिनों काफी चर्चा में है क्योंकि इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन आयोजित किया गया है। अपनी सांस्कृतिक आध्यात्मिक आयोजनों को लेकर चर्चा में आए यह गांव जहां पर हर साल कई बड़े आध्यात्मिक आयोजन किए जाते हैं और ऐसे आयोजनों को करवाने के लिए विश्व शांति सेवा धाम समिति हमेशा तत्पर रहता है।

आयोजन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 24 जनवरी को हाई स्कूल मैदान कुथरेल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्रीरामचंद्र की शोभायात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, 11000 दीपों से दीप महायज्ञ, दिवाली जैसी अनुभूति के लिए विशेष आतिशबाजी, महाप्रसादी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा दुष्यंत हरमुख एवं रिंकी देवांगन की प्रस्तुति के साथ आयोजन संपन्न किया जाएगा। विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष लिलेश देशमुख, उपाध्यक्ष डायमंड देशमुख, सचिव पेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रेमन देशमुख, संयोजक लोकेश देशमुख तैयारी में जुटे हुए हैं।

### चीचा में मंडई व देवी जस झाँकी प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** नवयुवक संगठन एवं समस्त ग्रामवासी वृन्दावन चीचा के तत्वावधान में मंडई मेला व तीन दिवसीय विराट देवी जस झाँकी प्रतियोगिता 24, 25 एवं 26 जनवरी को रखा गया है। मुख्य अतिथि राजेश सिन्हा सामाजिक कार्यकर्ता चीचा, जशवंत डड़सेना कमलेश साहू सामाजिक कार्यकर्ता , अध्यक्षता नीतिश मोन्टी यादव सदरय, जिला पंचायत बालोद क्षेत्र क.2, अनिल सोनी जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र क्र.4, संध्या भारद्वाज सदस्य जिला पंचा. बालोद आदि उपस्थित रहेंगे।

**बिजनेस साइट**

### स्वदेशी खादी महोत्सव में दी जा रही विशेष छूट



**भिलाई।** वेल्डेक्स ग्राउंड सिविक सेंटर भिलाई में इन दिनों स्वदेशी खादी महोत्सव में सूती, सिल्क वस्त्रों के साथ-साथ ऊनी और खादी कपड़ों की भरमार है। भिलाईवासियों को स्वदेशी खादी महोत्सव में विशेष छूट के साथ उन्हें काफी किफायती वस्त्रों की काफी रेंज खरीदने एवं देखने को मिल रही है। इससे पार्थवासियों में काफी उत्साह और सुखद अनुभव है। स्वदेशी खादी महोत्सव बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी काफी विशेष आकर्षण छूट नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लाए हैं। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में खादी वेस्टन में विषय छूट ऑफर चल रहा है। संचालक अनुराग मिश्रा ने अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और गणतंत्र दिवस की उपलक्ष्य में प्रत्येक परिवार से प्रत्येक व्यक्ति खादी वस्तुओं की खरीदारी करें और देश को संबल एवं सुदृढ़ बनाएं।

### सिरसिदा में जस झांकी प्रतियोगिता कल से

**अंडा।** ग्राम सिरसिदा में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि पायल देवेन्द्र शर्मा सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्षता अश्वनी चन्द्राकर कुर्मी समाज अध्यक्ष बालोद, विशेष अतिथि लखन लाल साहू प्रधान पाठक, प्रेमलाल ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, दीपक देवांगन उपसरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, प्रेमलाल पटेल बैंक मेनेजर उपस्थित रहेंगे। वहीं 26 जनवरी समापन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही, अध्यक्षता सोना देवी देशलहरे जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद, विशेष अतिथि पायल देवेन्द्र शर्मा सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही, आलोक चंद्राकर पूर्व जिला सभापति बालोद आदि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

## अंचल की खबरें

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मुस्कान ने किया टॉप



**पाटन।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जूनियर वर्ग में पाटन ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल दरबार मोखली की मुस्कान ने दुर्ग जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्राम धुमा की निवासी मुस्कान महिलांगे पिता दौलत राम महिलांगे कक्षा आठवीं में पढ़ती है,विगत महीने हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर दुर्ग जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंचल को गौरवान्वित किया है। दरबार मोखली स्कूल के शिक्षकों ने मुस्कान को सम्मान पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हीरा वर्मा, राकेश कुमार साहू, उत्तरा साहू, ज्योति बंसकार, नंदकुमार आडिल, सुनीता राव, दुर्गेश सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती



**उतई।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर अमर शहीद स्मृति स्थल सद्भावना चौक पाटन पुल उतई में नगर भाजपा परिवार द्वारा उन अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनकी शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस दौरान सोनू राजपूत, नरेंद्र साहू, हुबलाल चंद्राकर, आशीष साहू, सतीश चंद्राकर, भीषम देवांगन, लक्ष्मीनारायण साहू, सरस्वती साहू, रत्ना चंद्राकार, लता सोनवानी, ममता चंद्राकर, रूपेश पारख, वैभव देवांगन, नीलम गढ़े, देवेंद्र राजपूत, दीपक मार्कण्डेय, भीमसेन सिन्हा, चिंटू सिन्हा, गौतम चंद्राकार, हितेश वर्मा, यज्ञ कुमार साहू, जितेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### भागवत कथा में रूकमनी विवाह पर झूम उठे श्रद्धालु




**सेलूद।** भागवत कथा में श्री कृष्ण विवाह के गाथा से श्रद्धालुजन झूम उठे। भागवत महापुराण का षष्ठम दिन पर सुदामा के गाथा के साथ कृष्ण लीलाओं का वर्णन हुआ। जहां मित्रता की परिभाषाओं के साथ-साथ प्रेम की लीलाओं का वर्णन अंशिका देवी ने किया। अंशिका देवी पिछले पांच वर्षों से भागवत महापुराण का गाथा का वर्णन कर रहे हैं। उनकी आयु मात्र 9 वर्ष हुआ है नन्हे बालिका होने के कारण उनके मधुर स्वरों को सुनने के लिए हजारो की संख्या मे भीड़ लगा रहता है।

### सतनामी समाज की बैठक आयोजित



**नंदिनी अहिवारा।** सतनामी समाज की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कौशल माता गुरु दीदी प्रियंका, मनीष बंजारे, भुनेश्वर पात्र, जगन्नाथ, मुकेश भारद्वाज, लालजी, गणपत बघेल, काशीराम, हीरालाल कौशल, उतरा दिवाकर, त्रिलोक बंजारे, अभिषेक जांगड़े, अविनाश बंजारे, आगमदास बंजारे आदि की उपस्थिति में सतनामी समाज की बैठक हुआ। जिसमें वर्तमान समाजिक विषयों पर चर्चा हुई। सतनाम धाम गिरहोला में जिसकी घोषणा सीएम के द्वारा किया गया था अवगत कराया गया। जिसमें सीएम ने सकारात्मक जवाब दिया और तत्काल विभागीय अधिकारी को आदेश किया। वहीं सामाजिक लोग पर भी चर्चा की गई।

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ.के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# मैं 'ओल्ड स्कूल' का और मुझे वही संगीत पसंद लेकिन अभी बेहतर हो रहा: सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जाने-माने गायक, डबिंग आर्टिस्ट और मिमिक्री कलाकार सुदेश भोसले का मानना है कि आज का संगीत आज की पीढ़ी के हिसाब से बिल्कुल ठीक है, इसलिए इसकी आलोचना करना गलत है। तीसरी बार इस्पात नगरी भिलाई में अपना परफार्मेंस देने आए सुदेश भोसले ने कहा कि भिलाई के लोग इतना प्यार करते हैं कि यहां हर बार आना अच्छा लगता है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भिलाई स्टील प्लांट के आयोजन में परफार्म करने आए सुदेश ने बातचीत के दौरान कहा कि वह भी 'ओल्ड स्कूल' के हैं, इसलिए उन्हें अपने दौर का संगीत अच्छा लगता है लेकिन आज के नौजवान तो बोलेंगे कि उनकी पीढ़ी का संगीत अच्छा है। इसलिए नौजवानों की पसंद या आज के संगीत पर टिप्पणी न करते हुए हमें नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करना चाहिए कि हमारा संगीत क्या है। सुदेश भोसले कहते हैं पहले के म्यूजिक डायरेक्टर में इतना ज्यादा कान्फिडेंस था कि अगर कोई प्रोड्यूसर डायरेक्टर उनको कुछ रद्दो-बदल के लिए कहता था तो सीधा मुंह पर कह देते थे कि तेरी फिल्म ही नहीं करनी है। मतलब, उनको अपने काम पर पूरा भरोसा था। आज अगर ऐसा कोई करेगा तो वो ऐसा संगीतकार घर बैठ जाएगा। बदलते दौर में कुछ वजहें ऐसी होती है, जिसमें वैसा संगीत बनवाया जाता है। इसके लिए हम आज का संगीत खराब है, ऐसा नहीं कह सकते। संगीत बनाने वालों पर बहुत ज्यादा प्रेशर है। आज देखिए रियालिटी शो में कितना अच्छा गा रहे हैं। आज हमारे यहां टैलेंट की कमी नहीं बल्कि सही गाइडेंस की कमी है।

## जाने-माने गायक, डबिंग आर्टिस्ट और मिमिक्री कलाकार सुदेश भोसले से बातचीत

### ऐ, जोहरा दरवाजा खोल..से हुई शुरूआत

सुदेश भोसले ने बताया कि मिमिक्री की शुरूआत अनायास ही हुई, जब फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' के डायलॉग दिमाग पर हावी थे और मैनें ऐसे ही (स्कूल) में कह दिया- ऐ, जोहरा दरवाजा खोल..तो दोस्तों ने खूब हौसला अफजाई की कि यह तो हू ब हू अमिताभ बच्चन की आवाज है। इसके बाद धीरे-धीरे सफर आगे बढ़ा। फिर स्टेज शो, डबिंग और मिमिक्री के बाद प्ले बैक सिंगिंग का मौका मिला।



### आज बॉलीवुड में चेहरा नहीं, स्टोरी हीरो है

सुदेश भोसले ने एक सवाल के जवाब में कहा कि साउथ की फिल्मों में डिसिप्लिन ज्यादा है, इसलिए वहां की फिल्मे ज्यादा चल रही है। उन्होंने कहा कि पहले यह होता था कि हैंडसम, ऊंचा, गोरा और तगड़ा ही हीरो माना जाता था। जबकि हॉलीवुड में 60 साल का क्लिंट ईस्टवुड भी हीरो माना जाता है। हमारे यहां यह चलन अब शुरू हुआ है। इरफान खान और नवाजुद्दीन को इसमें शामिल कर सकते हैं। इनका काम बोलता है। आज हमारे यहां चेहरा नहीं स्टोरी-असली हीरो है।

### लता कहती थीं- सुदेश हो तो किसी और सिंगर की जरूरत नहीं

सुदेश भोसले ने बताया कि स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के साथ उन्होंने स्टेज शो के लिए वर्ल्ड टूर किए हैं लेकिन फिल्मों में साथ गाने का मौका उस तरह नहीं मिल पाया। सुदेश ने बताया कि 'आज का अर्जुन' फिल्म के गीत 'गोरी हैं कलाईयां' में अमिताभ बच्चन वाला हिस्सा उन्होंने लता जी के साथ गाया था लेकिन बाद में उनकी आवाज हटा कर शब्बीर कुमार की आवाज में रिकार्ड कर लिया गया। लता मंगेशकर को याद करते हुए सुदेश भोसले ने कहा- उनके बारे में लता जी कहती थीं कि अगर सुदेश भोसले स्टेज पर है तो फिर किसी मेल सिंगर की जरूरत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस समारोह जयंती स्टेडियम में होगा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन जयंती स्टेडियम में किया जाएगा। सुबह 9 बजे बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। निदेशक प्रभारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड की सलामी लेंगे और गार्ड आफ आनर का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा 8 बजे संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक प्रभारी संयंत्र के इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक, रिफ्रेक्ट्री स्टोर में कार्यपालक निदेशकद्वारा, एलएंड डी सेंटर में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा, सीईजेड कॉम्पलेक्स में कार्यपालक निदेशक - एक्सपांशन भवन में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक -नगर सेवाएं विभाग में, सीजीएम ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सभी विभागों में विभागप्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इस्पात क्लबों में संबंधित क्लब के अध्यक्षों द्वारा तथा विद्यालयों में विद्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। खदानों में संबंधित खदान प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल सेक्टर नौ में ध्वजारोहण भिलाई महिला समाज द्वारा किया जाएगा।

# गांजा बेचते हुए पिता-पुत्र और निगरानीशुदा महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

गांजा का अवैध कारोबार करने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र समेत निगरानीशुदा महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदिरा गांधी स्कूल के पीछे किराये के मकान में नीले रंग का बैग से गांजा बेचा जा रहा था।इस दौरान वैशाली नगर प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुमार अंदानी पुलिस टीम बनाकर दबिश देने पहुंचे। जहां प्रतापरूद्रपुर थाना तोसरा जिला बालांगीर उड़िसा हाल में इंदिरा गांधी स्कूल के पीछे वैशाली नगर निवासी सुखदेव राउत को पकड़ा गया। बैग से 1.200 किलो ग्राम गांजा और बिक्री रकम 5 हजार रूप्ये बरामद किया गया। आरोपी सुखदेव राउत ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मादक पदार्थ गांजा को उड़िसा से खरीदकर लाता है। अपने पुत्र जीतू राउत उसका दोस्त खिलेन्द्र साहू उर्फ राज को पुड़िया बनाकर बेचा करता था। आरोपी सुखदेव के निशानदेही पर जीतु राउत, खिलेन्द्र साहू उर्फ राज को बीसीजे स्कूल के पास से पकड़ा गया। आरोपी जीतु राउत के पास से बाइक सीजी 07 एलएफ 8527 में गाड़ी के डिक्की से गांजा व 22 नग पालीथीन की पुड़िया में गांजे का 772 ग्राम व बिक्री रकम 3 हजार मिला।



### महिला के पास से भी मिला गांजा

**भिलाई।** पुलिस ने बताया कि आरोपी खिलेन्द्र साहू के पास से 110 ग्राम गांजा और बिक्री रकम 1500 रूप्ये जब्त किया। आरोपी सुखदेव ने पुलिस को बताया कि जेवरा सिरसा निवासी शेख ईदबी गांजा बेचा करती है। आरेपी सुखदेव राउत के पास गांजा बेचने खरीदने पहुंचती थी। आरोपिया शेख ईदबी के पास से 61 नग पुड़िया गांजा 200 ग्राम, नगदी 3 हजार जब्त किया गया।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निकली प्रभात फेरी



**भिलाई।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर गुरुवार को भिलाई बंगाली समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें बड़ी तादाद में बंगाली समाज के लोग शामिल हुए। प्रभात फेरी बीएसपी आदर्श स्कूल सेक्टर 7 से शुरु होकर सेंट्रल एवेन्यू से नगर भ्रमण करते हुए नेहरु सांस्कृतिक सदन में समाप्त हुई। जुलूस में लोग भारत माता का जय और नेताजी अमर रहे के नारे लगा रहे थे। प्रभात फेरीस का स्वागत मिलन संघ सेक्टर 1 के पदाधिकारियों ने किया। प्रभात फेरी में नगर निगम के पार्षद अनूप डे, वरिष्ठ संस्कृति कर्मी मणिमय मुखर्जी, शक्तिपद चक्रवर्ती और सुचिता मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## विक्रम जनबंधु का चिंतन 27 को

**भिलाई।** वरिष्ठ पत्रकार व विक्त्रम जनबंधु ता चिंतन 27 एवं 29 जनवरी को सुबह 6.30 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित किया जाएगा इससे पूर्व भी कई कहानियां और कविताएं आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो चुकी हैं।

## दशहरा मैदान में श्रीराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता 26 से

**भिलाई।** भिलाई के संजय नगर दशहरा मैदान में श्रीराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी से किया जा रहा है। 32 टीमें भाग लेंगी और मैच 8 ओवर के होंगे। सेमी फायनल और फायनल मुकाबले 12 ओवर के होगे। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ज़े मैन आफ द मैच के पुरस्ज़र से पुरस्कृत किया जाएगा। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।

सुमीत बाजार
पारम्परिक एवं लेटेस्ट फैशन का नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन.
मनाइए 26 का जश्न
18 TO 31 JANUARY 2025

126/- में — ₹299 प्रति पीस वाला ब्वॉयस टीशर्ट 2 पीस, 3 वर्ष से 10 वर्ष के गर्ल्स के लिये
226/- में — ₹566 प्रति पीस वाला लिजा ब्रांड जल मटका, ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी
426/- में — ₹2199 प्रति पीस वाला प्रीमियम ब्रांडेड कार्पोरेट वियर व्हाईट शर्ट, साईज उपलब्धतानुसार
126/- में — ₹295 प्रति पीस वाला कॉटन फैंसी टॉप, size - M to XXL
226/- में — ₹395 प्रति पीस वाला कुर्ती पेंट सेट, size - M to XXL
426/- में — ₹395 प्रति पीस वाला फैंसी फ्रॉक कुर्ती 2 पीस, size - M to XXL
126/- में — ₹342 प्रति पीस वाला वॉटर मिलॉन जार, ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी
226/- में — ₹495 प्रति पीस वाला फैंसी लिलन प्रिंट साड़ियाँ
426/- में — ₹795 प्रति पीस वाला सिल्क डायड कॉटन साड़ियाँ फैंसी वर्क
126/- में — ₹420 प्रति पीस वाला मेन्स कॉलर टीशर्ट, size - L to XXL
226/- में — ₹399 प्रति पीस वाला मेन्स रेडीमेड शर्ट मिक्स व्हेरायटी, size - L to XXL
426/- में — ₹1799 प्रति पीस वाला ब्रांडेड किंग साईज डबलबेड बेडशीट

निश्चित खरीदी करें और पाये ₹26 में
बाजार मूल्य ₹699 & above वाली बैगपैक ₹26 में — ₹3999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹1899 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेपटॉप बैग ₹26 में — ₹5999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹2999 & above वाली ब्रांडेड ट्रेवल डफल बैग ₹26 में — ₹8999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹3999 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेडिस हैण्डबैग ₹26 में — ₹11999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹4999 & above वाली ब्रांडेड ट्रैवल व्हीलर बैग ₹26 में — 3 PCS SET (20 inch, 22 inch, 24 inch) — ₹25999 की खरीदी करने पर
*नियम व शर्तें लागू, ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक ऑफर आयटम खत्म होने पर उसकी जगह दूसरा आयटम दिया जा सकता है

रायपुर | बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी • न्यू राजेन्द्र नगर • गली नं. 2, कटोरा तालाब मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी • मेन रोड, बिरगांव • बोरिया रोड, संतोषी नगर • रायपुरा हास्पिटल के सामने, महादेव घाट
आरंग - स्टेट बैंक के बाजू, मेन रोड
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई • गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग • मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव
अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा • लोहारा रोड, कवर्धा • मेन रोड, महासमुंद • गुरूद्वारा के सामने, सराईपाली • आकांक्षा टॉवर, दुर्ग रोड, बालोद
गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर • मेन रोड, नुआपाड़ा • मेन रोड, खरियार रोड, उड़ीसा

23 Zindagi live Page-1 JAN-2025_Layout 1 1/24/2025 12:10 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02

डिजाइन कार्निवल 2025 में भिलाई की बेटियों ने लहराया परचम, सम्मानित

## लाइव इवेंट

### बाल विवाह रोकने 1098 नंबर पर करें शिकायत



**भिलाई।** बाल विवाह रोकने महिला एवं बाल विकास की टीम ने अभियान छेड़ रखा गया है। इस महाअभियान को लेकर लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है। साथ ही जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को बाल विवाह करने की स्थिति में कानूनी जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों और पंचायतों में बैठकें की जा रही है। लोगों को जानकारी दी जा रही है कि आपके आसपास कहीं भी ऐसा हो रहा है तो इसकी जानकारी 1098 नंबर पर चाइल्ड लाइन को दें। चाइल्ड लाइन की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंचेगी और जरूरी कार्रवाई करेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर नियमित रूप से इसे लेकर बैठकें ले रहे हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जा रहा है। मुख्य रूप से स्कूलों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 भारतीय कानून के अनुसार बाल विवाह वह विवाह है, जिसमें या तो महिला 18 वर्ष से कम आयु की हो या पुरुष 21 वर्ष से कम आयु का हो। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं। जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन में संपर्क किया जा सकता है।

● क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस को ट्विनसिटी ने अर्पित की श्रद्धांजलि, जगह-जगह 128वीं जयंती पर कार्यक्रम

# पराक्रम दिवस पर पूजे गए देश के सपूत, कभी आजाद हिंद फौज की स्थापना और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा से फूंका था बिगुल

ये बात है उन महान सपूत की, जिन्होंने देश में ही नहीं दुनिया में भारत की आजादी का अलख जगाया। अपनी क्रांतिकारी सोच की वजह से जो नेताजी कहलाए। जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर अंग्रेजों से लड़ाई के लिए सीधे ललकारा। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा कहकर पूरे देश में आजादी का बिगुल फूंका। हम बात कर रहे हैं महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की, जिनकी 128 वीं जयंती गुरुवार को ट्विनसिटी में अलग-अलग जगह पर मनाई गई। उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। स्कूलों में प्राध्यापकों ने बच्चों को बताया कि नेताजी ने अंग्रेजों के खिलाफ एक मजबूत सेना खड़ी की। नेताजी ने अंडमान में पहली बार स्वतंत्र भारत का झंडा फहराकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके योगदानों को याद करते हुए 23 जनवरी वर्ष 2021 से नेताजी के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

**भिलाई।** नेताजी का निधन हुए 76 साल हो चुके हैं, लेकिन, उनकी मौत आज भी रहस्य बनी हुई है। उनकी मौत का सच जानने के लिए तीन कमेटियां बनीं। दो ने कहा उनकी मौत प्लेन क्रैश में हुई। तीसरी रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसा कोई प्लेन क्रैश ही नहीं हुआ तो हादसे में जान जाने की बात कैसे सही मानी जाए। बात 18 अगस्त 1945 की है। जापान दूसरा विश्व युद्ध हार चुका था। अंग्रेज नेताजी के पीछे पड़े हुए थे। इसे देखते हुए उन्होंने रूस से मदद मांगने का मन बनाया। 18 अगस्त 1945 को उन्होंने मंचूरिया की तरफ उड़ान भरी। इसके बाद किसी को फिर वो दिखाई नहीं दिए। 5 दिन बाद टोक्यो रेडियो ने जानकारी दी कि नेताजी जिस विमान से जा रहे थे वो ताइहोकू हवाई अड्डे के पास क्रैश हो गया। इस हादसे में नेताजी बुरी तरह से जल गए। ताइहोकू सैनिक अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनके साथ सवार बाकी लोग भी मारे गए। आज भी उनकी अस्थियां टोकियो के रैंकोजी मंदिर में रखी हुई हैं। 1999 में तीसरा आयोग मनोज कुमार मुखर्जी के नाम पर बना। इस आयोग की रिपोर्ट में ताइवान सरकार के हवाले से कहा गया कि 1945 में कोई प्लेन क्रैश की घटना ही नहीं हुई। इस प्लेन क्रैश का कोई रिकॉर्ड नहीं है। हालांकि, सरकार ने इस रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया था। दुर्ग और भिलाई में उनकी शहादत को याद करते हुए प्रभात फेली निकाली गई। संगोष्ठी के आयोजन हुए। स्कूलों में उनके जीवन पर आधारित व्याख्या भी हुए।

### बंगाली समाज ने निकाली रैली, अवकाश घोषित करने मांग



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती पर भिलाई बंगाजी समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए। समाज के राजदीप सेन ने बताया कि 23 जनवरी को भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर बीएसपी आदर्श स्कूल सेक्टर-7 से प्रभात फेरी निकाली गई। शहर भ्रमण पश्चात प्रभात फेरी का समापन नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर-1 में हुई। जहां मिलन संघ सेक्टर-1 के पदाधिकारयों द्वारा सभी का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी के दौरान भारत माता की जय, नेताजी अमर रहे के नारे लगाए गए। इस दौरान रिसाली नगर निगम के पार्षद अनूप डे सहित अन्य मौजूद थे।

### 32 बंगला क्षेत्र में उनके योगदान को किया गया याद



32 बंगला क्षेत्र स्थित बंगला नंबर 6 में नेताजी की 128वीं जयंती मनाई गई। पूर्व मंत्री बदरुदीन कुरैशी ने उनके तैल्यचित्र में पुष्पाजंलि अर्पित की। देश की आजादी में दिए योगदान को याद करते हुए जय हिन्द के नारे लगाए गए। कुरैशी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ। मैट्रिक की परीक्षा में पूरे प्रदेश में उनका दूसरा स्थान था। आईसीएस की परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें उनको चैथा स्थान मिला। बोस ने राष्ट्रव्यापी नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में समयलाल साहू, जोगा राव, भास्कर राव, संजय लाखे, लख्खीराम सोनी, नईम बेग, कादर सिद्धिकी, दीदारभाई, धर्मेंद्र वैष्णव, नजमू निशा, गोपाल यादव, नारायण, योगेन, दुर्गेश उपस्थित थे।

### कैलाश नगर दुर्ग में निकली जागरुकता रैली, बोस के विचारों से कराया अवगत




सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर नेताजी सुभाष स्कूल कैलाश नगर से प्रभात फेरी निकली। शहीद चौक में चारों क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद उधम सिंह एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने सुभाष अमर रहे, नेताजी सुभाष जिंदाबाद, नेताजी सुभाष हम तुम्हें भूले नहीं भूलेंगे नहीं, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आदि नारों के साथ कदमताल करते हुए 10 बजे शहीद चौक या प्रभात फेरी पहुंची तत्पश्चात वहां सभा किया गया। इस अवसर पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष विश्वजीत, आत्माराम साहू, प्राचार्य पूजा सागर, हेमलता गुप्ता, दीपा कौशल, जया दुबे, पायल साहू, लता सावले शाहिद उपस्थित थे।

### संगीत महाविद्यालय में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर किया याद



संगीत महाविद्यालय परिवार में बोस की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं ही देशभक्ति गीत के माध्यम से उन्हें याद किया गया। प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि नेताजी विशाल शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता की मशाल प्रज्जवलित की बल्कि देश के युवाओं में भी स्वतंत्रता के लिये जोश भर दिया। महाविद्यालय के गायन विभाग के अतिथि प्राध्यापक गजेंद्रयादव ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाकर नेताजी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी। संगीता चौबे ने भी नेताजी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर यशवंत साहू, सर्वजीत बम्बेश्वर एवं धनराज भोयर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता चौबे एवं आभार प्रदर्शन सर्वजीत बाम्बेश्वर ने किया।

## सिटी इवेंट

### नन्हे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से मोहा दर्शकों का मन



**भिलाई।** ओम साईं विद्या भवन इंग्लिश मीडियम स्कूल हरि नगर दुर्ग का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ । कार्यक्रम में इंडियन वेटनरी एसोसिएशन की प्रेसिडेंट एवं मिसेज इंडिया रनर अप 2022 डॉ निधि रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदिम जाति कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन श्यामल दास, डॉ आशीष चौहान एवं प्रिंसिपल एम.शारदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा विशेष अतिथियों के रूप में मौजूद थी। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा से की गई। स्कूल के डायरेक्टर प्रिंसिपल प्रशांत सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर, अतिथियों का परिचय करवाया l अपने उद्बोधन में स्कूल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और पुरस्कार वितरण के अंतर्गत बच्चों को मेडल पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र बांटे। बच्चो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने आहा टमाटर, रिमिक्स डांस, राजस्थानी डांस, यादों की बारात नाटक, रेट्रो डांस, रामायण, इंग्लिश डांस, शिव तांडव आदि की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अकादमिक इंचार्ज अर्चना दत्ता एवं शिक्षिका राजेश्वरी हरडे ने संचालन किया। मौके पर सचिव अनीता सरकार, वाइस प्रेसिडेंट संजीव पांडे, मेंबर्स प्रदीप पांडे, मनीष रात्रे शिक्षिक शिक्षिकाएं काजल देवांगन आदि उपस्थित थे।

# नारी उत्थान के लिए आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य शिविर, दवाओं का भी वितरण

**भिलाई।** समाजसेवी संस्था आजाद हिंद संघ, तुलसी ट्रस्ट, आधार अस्तित्व का (नारी उत्थान की ओर पहल) एवं गणेश विनायक नेत्र हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। उन्हें दवाओं का वितरण किया गया। कापसी, ग्राम बेरकोट जैसे आदिवासी अंचलों में यह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को माहवारी स्वच्छता से संबंधित जानकारी भी दी गई। सैनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। संस्था द्वारा नियमित रूप से इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को होने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

- महिलाओं एवं किशोरियों को सैनेटरी पैड का किया गया वितरण, बीमारियों से बचाव की दी गई जानकारी






### एआईओसीडी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**दुर्ग ।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव और जगन्नाथ शिंदे आप्पा का 75वां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने संगठन द्वारा पूरे देश में रक्तदान अभियान का संकल्प लिया गया है। इस अभियान के तहत आज 24 जनवरी को पूरे भारत में 75 हजार यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत दुर्ग जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आज 24 जनवरी को सुबह एआईओसीडी के सदस्य व केमिस्ट रक्तदान कर महादान का संदेश देंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन के सचिव अविनाश अग्रवाल, भारतीय दवा विक्रेता संघ कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल, दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष वकार हसन खान, सचिव दीपक बंसल ने देते हुए बताया कि एआईओसीडी ने इस अभियान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्स में दर्ज कराने के लिए पंजीकरण करवाया है। उन्होंने केमिस्ट सदस्यों से रक्तदान अभियान में शामिल होने की अपील की है।

## क्रिकेट का महासंग्राम

### संजय नगर दशहरा मैदान में श्रीराम कप क्रिकेट 26 जनवरी से



**भिलाई।** संजय नगर दशहरा मैदन में श्रीराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक मैच 8 ओवर के होंगे। सेमी फायनल और फायनल मुकाबला 12 ओवर का होगा। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की एंट्री फीस 2100 रुपए है। अंतिम तिथि 25 जनवरी है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार और तृतीय पुरस्कार 7 हजार रुपए है। आयोजनकर्ता राजा सिंह, मुकेश गिरी ने उक्ताशय की जानकारी दी है। बीते 3 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है।

बिलासपुर रेलवे जोन में 1337 पदों पर भर्ती, आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू

# 10वीं पास को भी रेलवे में नौकरी करने का मौका, ग्रुप डी के 32,438 पदों पर होगी भर्तियां, 22 फरवरी तक आवेदन

कार्नर न्यूज

18-36 वर्ष के अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**भिलाई।** रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से ग्रुप डी के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। कुल 32438 पदों के लिए भर्तियां निकली गई हैं। इस बार दसवीं पास उम्मीदवार भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 जनवरी से शुरू हो चुकी है। आवेदन की प्रक्रिया 22 फरवरी 2025 तक चलेगी। रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई और दिल्ली जोन में पदों की संख्या अधिक है। बिलासपुर में 1337 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। जानकारी के मुताबिक पहले ग्रुप डी के तहत तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए आईटीआई पास होना जरूरी था। लेकिन यह अनिवार्यता हटाई गई है। अब इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास या आईटीआई या एनसीवीटी का नेशनल अप्रेंटिस सर्टिफिकेट है।

### एग्जाम फीस 500 रु., लौटाएंगे 400

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एग्जाम फीस जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 500 रुपए निर्धारित है। परीक्षा में शामिल होने पर इनमें से 400 रुपए वापस हो जाएंगे। पीडब्ल्यूबीडी, महिला और एससी, एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपए है। परीक्षा में शामिल होने पर पूरी फीस वापस होगी। रेलवे स्टेशन सहित चरोदा, मरोदा कैबिन सहित अन्य जगहों पर भर्ती के संबंध में जानकारियां चस्पा की गई हैं। अधिक जानकारी रेलवे की वेबसाइट से ली जा सकती है। रेलवे स्टेशन में भी सामान्य जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। दुर्ग रेलवे स्टेशन के डाक विभाग के पास वैकेंसी की जानकारी चस्पा की गई है।

### रेलवे में टीचर की वैकेंसी, आवेदन 6 तक

रेलवे में टीचर, लाब्रेरियन, ट्रांसलेटर, स्टॉफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर समेत अन्य के 1036 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। इसके लिए आवेदन 6 फरवरी तक भरे जाएंगे। जिन पदों के लिए भर्ती निकली है, उसमें स्टॉफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर, लाइब्रेरियन, जूनियर ट्रांसलेटर हिंदी, चीफ लॉ असिस्टेंट, ग्रेजुएट टीचर हिंदी- इंगलिश, मैथ्स, संस्कृत, कंप्यूटर साइंस, होमसाइंस, क्राफ्ट, फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर, ग्रेजुएट टीचर सोशल साइंस, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर कामर्स, हिंदी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, इतिहास समेत अन्य के पद हैं।

### 100 अंकों की होगी परीक्षा, सवालों के जवाब के लिए मिलेंगे 90 मिनट

भर्ती के सबसे पहले कंप्यूटर आधारित यानी सीबीटी मोड में परीक्षा होगी। यह परीक्षा 100 अंकों के लिए होगी। इसमें विज्ञान से 25 अंक, गणित से 25, जनरल इंटेलीजेंस एंड रीजनिंग से 30 और जनरल अवेयरनेस एंड करेंट अफेयर्स से 20 यानी कुल 100 सवाल पूछे जाएंगे। सवालों का जवाब देने के लिए 90 मिनट मिलेंगे। इसमें निगेटिव मार्किंग का प्रावधान है। तीन जवाब गलत होने पर एक अंक कटेगा। इसके बाद फिजिकल टेस्ट होगा। सीबीटी मोड की परीक्षा क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवार ही फिजिकल टेस्ट में शामिल होंगे।

### बिलासपुर रेलवे जोन के लिए 1337 पद, यह अन्य जगहों से कम

बिलासपुर जोन के अंतर्गत आने वाले रायपुर, बिलासपुर, नागपुर डिवीजन के लोगों के लिए थोड़ी निराशा है। इस क्षेत्र के लिए महज 1337 पद निकाले गए हैं। ग्रुप डी की इस भर्ती में मुंबई और दिल्ली रेलवे में ज्यादा पद है। मुंबई (वेस्टर्न रेलवे) 4672 और मुंबई (सेंट्रल रेलवे) के तहत 3244 पद है। इसी तरह बिलासपुर 1337, जयपुर 1433, हुबली 503, जबलपुर 1614, भुवनेश्वर 964, नई दिल्ली 4785, चेन्नई 2694, गोरखपुर 1370, गुवाहाटी 2048, कोलकाता (साउथ ईस्टर्न रेलवे) 1044, कोलकाता (ईस्टर्न रेलवे) 1817, हाजीपुर 1251, प्रयागराज 2020 और सिकंदराबाद रेलवे भर्ती के तहत 1642 पदों के लिए वैकेंसी निकली है।

23 JAN-2025 Zindagi live-02_Layout 1 1/24/2025 12:16 AM Page 1



## सिटी इवेंट

### कभी भुलाया नहीं जा सकेगा वरिष्ठ कर्मियों का योगदानः मिश्रा




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दिसंबर-2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार स्तंभ रहे हैं और इनका योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। इन रिटायर कर्मियों में पीईएम से बसंत कुमार साहू, ब्रह्मदेव स्टील मेल्टिंग शॉप-3, अनिल कुमार और अरुण कुमार मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल, शेख नूरुद्दीन ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन, प्रमोद कुमार ब्लास्ट फर्नेस, वंश गोपाल कारे और पतिराम बार एंड रॉड मिल, दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस से सुकालु राम, लर्निंग एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट से सुरेंद्र एकनाथ, प्लेट मिल धर्मेंद्र कुमार, ऑक्सीजन प्लांट-2 शिवशंकर नायक, पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट डी.कोंदू, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से राजेश कुमार और ईश्वर लाल लहरी, मेडिकल प्रकाश सिंह, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग भोजराय, सिंटर प्लांट-2 हरिश्चंद्र, जयप्रकाश यादव और नोहर सिंह, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल विभाग पी.जयकुमार और मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से पुलक क्रांति बरुआ शामिल थे। इन सभी रिटायर कर्मियों को सोसाइटी की ओर से उनकी जमा राशि का चेक तथा शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। रिटायर कर्मियों में वंश गोपाल कारे सहित कई अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को साझा किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर, अमिताभ वर्मा सहित संचालक मंडल के सदस्य हरिराम यादव, जेके गहिने, विनोद कुमार वासनिक, नीरजा शर्मा, कुलेश्वर चंद्राकर व पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एम.मुरलीधर प्रबंधक व आभार संचालक, पवन कुमार साहू ने व्यक्त किया।

- **इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में रिटायर कर्मियों को दी विदाई**

## समाज इवेंट

### तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग महायज्ञ कबीर आश्रम में आज से

**भिलाई।** 56वें स्थापना महोत्सव के अवसर पर कबीर आश्रम निर्मल ज्ञान मंदिर नेहरू नगर भिलाई में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग महायज्ञ का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखर आध्यात्मिक प्रबोधक संत निष्ठा साहेब एवं संत मंडली, संत कबीर आध्यात्मिक संस्थान विशाल नगर बाराबंकी उत्तर प्रदेश से शिरकत करेंगे। प्रतिदिन होने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मंगलाचरण, भजन सत्संग, साहेब का उद्बोधन और द्वितीय सत्र में गुरु वंदना, आध्यात्मिक उद्बोधन, मंगलाचरण और भजन सत्संग आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अंचल के धार्मिक व आध्यात्म में रुचि रखने वालों को सत्संग लाभ के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंचल के कबीर आश्रम से संत और साध्वी अपनी उपस्थिति देंगे। कार्यक्रम संस्था के ट्रस्टी, प्रबंधन समिति, युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ सभी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। संस्था के सदस्यों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संत कबीर की वाणी का श्रवण लाभ लेने अपील किये है।

## हेल्थ लाइव

### स्वस्थ तन और मस्त मन के प्रति लोगों को किया जागरुक



**भिलाई।** जैनत्व महिला मंडल पद्मनाभपुर के तत्वावधान में फ्री मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन गौतमव्यास नैचरोपेथ सेन्टर में किया गया। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों एवं स्वास्थ कर्मियों दवरा निःशुल्क स्वास्थ जांच कर परामर्श दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा और दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल उफस्थित थे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ और प्रबुद्ध जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस निशुल्क शिविर में सौ से भी अधिक लोगो ने लाभ उठाया। जिसमें लोगो ने बीपी, शुगर, थायराइड व अन्य बीमारियों से संबंधित जानकारी लेते हुए सलाह मशवरा किया। समिति की मंडल अध्यक्ष अगंक्षा लुनिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक पैदा करना था। उन्होंने कहा कि कि जब आपका तन स्वस्थ होगा, तभी मन भी मस्त रहेगा। स्वस्थ तन और मस्त मन की तर्ज पर आयोजित इस शिविर में सुनीता मालु, पूजा लुनिया, संगीता नाहर, ममता देशलहरा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोगो को चेकअप कराने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुभा लुनिया द्वारा किया गया और सभी का आभार व्यक्त मंडल सचिव पूजा लुनिया ने किया।

- **नि:शुल्क जांच कर दिया परामर्श, जैनत्व महिला मंडल का आयोजन**

---

● गूगल ने मध्य भारत का पहला डिजिटल कैंपस रूंगटा आर-1 कॉलेज में खोला

# दुनिया की शीर्ष टेक कंपनी गूगल अब छत्तीसगढ़ के युवाओं को तराशेगी, टेक्निकल और नॉन टेक विद्यार्थियों के लिए 42 प्रोग्राम

**भिलाई।** दुनिया की शीर्ष टेक कंपनी गूगल अब छत्तीसगढ़ के युवाओं को तराशेगी। गूगल ने गुरुवार को सेंट्रल इंडिया का पहला गूगल डिजिटल कैंपस भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में स्थापित कर दिया है। इसके लिए कॉलेज में विशेष लैब तैयार की गई है। गूगल के क्लाउड 2.0 बेस्ड इस सेंटर के जरिए अब भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के टेक्निकल और नॉन टेक विद्यार्थियों को 42 तरह के कोर्स गूगल कराएगा। यह कोर्स पूरी तरह से मुफ्त होंगे। कोर्स पूरा होने पर गूगल उन्हें सर्टिफिकेट भी देगा। इसके रजिस्ट्रेशन कॉलेज के जरिए करने होंगे। मध्य भारत के इस पहले गूगल डिजिटल कैंपस का रूंगटा ग्रुप में उद्घाटन करने के लिए गूगल फॉर एजुकेशन विंग की रीजनल मैनेजर पद्मावती जोशी नोएडा स्थित गूगल इंडिया कार्यालय से पहुंची। उन्होंने रिबन काटकर गूगल क्लाउड 2.0 डिजिटल कैंपस का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके लिए तैयार हुई लैब का निरीक्षण करने के बाद मौजूद करीब दो हजार स्टूडेंट्स से रू-ब-रू हुईं और उन्हें इस सेंटर के जरिए अपकमिंग टेक्नोलॉजी और उससे गूगल द्वारा विद्यार्थियों को दक्ष बनाने की योजना बताई।





### अलग-अलग केटेगरी में बांटा गया कोर्स

गूगल डिजिटल कैंपस के जरिए विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालेटिक, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के कोर 42 तरह के प्रोग्राम सिखाए जाएंगे। इन कोर्स को अलग-अलग केटेगरी के लिए बांटा गया है। इस तरह विद्यार्थियों के पास करीब 1200 तरह के कोर्स होंगे। जिसे वे कहीं से भी बैठकर एक्सेस कर पाएंगे। इसके अलावा इसका रजिस्ट्रेशन करने वाले विद्यार्थियों को गूगल की प्रीमियम सर्विसेज का भी मुफ्त एक्सेस मिल सकेगा। वे गूगल क्लाउड और एआई गूगल जेमिनाई जैसे टूल का उपयोग कर पाएंगे।



### छत्तीसगढ़ में पहली बार

गूगल इंडिया के नोएड स्थित मुख्यालय ने सुक्ष्म अध्ययन और प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करने के बाद मध्य भारत में रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को अपने गूगल डिजिटल कैंपस के लिए सबसे उपयुक्त पाया। यह छत्तीसगढ़ में पहली बार है, जब दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन और एंड्रायड जैसे विश्व स्तर के प्रोडक्ट्स तैयार करने वाली शीर्ष कंपनी गूगल ने अपना डिजिटल कैंपस भिलाई में स्थापित किया है। रूंगटा ग्रुप के सभी कॉलेजों को नैक से मिले ए ग्रेड, रैंकिंग्स और एनबीए जैसी मापदंडों पर खरा उतरने पर ग्रुप को डिजिटल कैंपस की सौगात दी। उद्घाटन में ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डायरेक्टर टीएंडपी डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. संजीव शुक्ला और डॉ. एजाजुद्दीन मौजूद रहे।



### गूगल डिजिटल कैम्पस 2.0 क्या है?

गूगल डिजिटल कैंपस 2.0 एक अत्याधुनिक ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जिसे छात्रों और पेशेवरों को तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक बाजार में लगातार आगे बढ़ने के लिए डिजिटल कौशल से लैस करने डिजाइन किया गया है। गूगल डिजिटल कैंपस से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी के साथ-साथ उद्योगों द्वारा डिमांड की जा रही स्किल्स सीखने के लिए तैयार किया गया है। इस प्लेटफार्म के जरिए जहां गूगल खुद अपने एक्सपट्र्स से छात्रों को नई टेक्नोलॉजी सिखाएगा, वहीं लीडिंग इंडस्ट्रीज के एक्सपट्र्स भी विद्यार्थियों बेहतर कल के लिए तैयार करेंगे।

---

## आयोजन...

### पवार क्षत्रिय संघ के 58वें सम्मेलन में समाज प्रमुखों ने की शिरकत






**भिलाई।** पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग द्वारा मकर संक्रांति सेलिब्रेशन के साथ ही समाज का 58वां स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के आसपास सहित अन्य क्षेत्रों से वरिष्ठजनों ने शिरकत की। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर नीरज पाल, डिप्टी सेक्रेटरी अरूण बिसेन उपस्थित थे। इनके अलावा नागपुर से डॉ खुशाल शरणागत छ.ग. महाराष्ट्र, म.प्र. और अन्य प्रदेशो के समाज प्रमुख, संरक्षक डॉ वाय आर कटरे, एच के बिसेन, एन एल चौधरी, प्रभाकर खवसी, सलाहकार, तीनों कार्यकारणी के सभी सदस्यो सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिभानों का पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज हित के कार्य को प्राथमिकता देते हुए अध्यक्ष बी पी देशमुख ने सांसद से भवन विस्तार के सहयोग की मांग की, जिसे सांसद ने स्वीकार कर 10 लाख राशि की घोषणा की। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने भी 10 लाख की राशि एवं भूमि आबंटन की महती घोषणा की। महासचिव के.एल.राहंगडाले द्वारा अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों को प्रतिक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।



## उपलब्धि

### डिज़ाइन कार्निवल 2025 में भिलाई की बेटियों ने लहराया परचम, सम्मानित



**भिलाई।** डिज़ाइन कार्निवल 2025 में चयनित एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की छात्राएं राधिका अग्रवाल और याना वर्षनेय ने अपने डिज़ाइन प्रस्तुतिकरण से सभी का ध्यान आकर्षित किया। गुरुवार को आयोजित इस इवेंट में उन्होंने लैक्मे फैशन वीक की प्रतिष्ठित जूरी के सामने अपने गारमेंट्स प्रस्तुत किए। लैक्मे फैशन वीक में भिलाई के छात्रों को इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलने पर सभी में हर्ष जाहिर किया। एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की सेंटर हेड नेहा लुंदे ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारा संस्थान हमेशा छात्रों को ऐसे बड़े अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है।

संस्थान के डायरेक्टर्स विक्रम खंडेलवाल और प्रकाश पारख ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि राधिका और याना ने न केवल संस्थान, बल्कि पूरे भिलाई का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि एनआईएफ ग्लोबल भिलाई अपने छात्रों को ऐस बड़े मंच देकर प्रेरित और प्रोत्साहित करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में भी ऐसी उपलब्धियां हासिल कर सकें।

### खुरसुल में मानस गान सम्मेलन कल से

**भिलाई।** ग्राम खुरसुल में मां सत्यम सरस्वती समिति के तत्वावधान में 25 एवं 26 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव निवेंद्र सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को 7 मंडली जिसमें तीन महिला मंडली और चार पुरुष मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति होगी और 26 जनवरी को भी तीन महिला और चार पुरुष मंडली द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। मां सत्यम सरस्वती समिति के मानस गान सम्मेलन अपने आसपास के क्षेत्र में बहुत प्रसिद्ध है और यह आयोजन का तीसवां वर्ष है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू सहित अनेक विशिष्ट व्यक्ति भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद 27 जनवरी को ग्राम खुरसुल में मंडई मेला का भी आयोजन किया जा रहा है।

---

मन से काम करने से मनोकामना पूर्ण होती हैः आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री

# जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है विद्यार्थी जीवन, नशे से दूर रहने छात्रों ने ली शपथ

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** स्कूली बच्चों में नैतिक मूल्यों को पोषित करने के उद्देश्य से हुडको के स्कूल में आर्य समाज के आचार्यो द्वारा नैतिकता का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। नैतिक मूल्यों को पोषित करने के लिए विद्यार्थियों को वैदिक आचार्यों ने संबोधित किया। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री एवं आचार्य डॉ. अजय आर्य का प्राचार्य सुष्मिता दास ने पुष्प गुच्छ देकर के स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपने आत्मविश्वास को कभी कम नहीं होने देना चाहिए। मनुष्य का जीवन दुर्लभ है।



### मन लगाकर अपने कौशल को निखारें

अंतर्राष्ट्रीय वेद कथाकार आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि लोग मनोकामना को पूर्ण करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। मन्नत मांगते हैं। देवी देवताओं की पूजा करते हैं। मैं कहता हूं कि मन से काम करने से मनोकामना पूर्ण होती है। आप जिस काम को मन लगाकर करेंगे वह काम आपका सफल होगा। मन लगाकर पढ़िए, परीक्षा की तैयारी कीजिए। मन लगाकर अपने कौशल को निखारिए। जो काम मन लगाकर किया जाता है, उस काम में आपके व्यक्तित्व की झलक अलग ही दिखाई देगी। सफलता के लिए प्रयत्न कीजिए। रोज सीखिए। रोज मेहनत करने के संकल्प के साथ उठिए। माता-पिता का सम्मान कीजिए। जो माता की ममता और पिता की क्षमता का सम्मान नहीं करता उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है। अपने जीवन का एक क्षण भी आप दोबारा नहीं खरीद सकते। इसलिए जो क्षण आपको मिला है स्वयं को निखारने, संवारने और बनाने में लगाइए। जो जीवन को बना लेता है उसका जीवन सार्थक हो जाता है। सत्संगति, तप, त्याग तपस्या और संयम ही मनुष्य का निर्माण करते हैं।

### विद्यार्थियों के पांच लक्षण



शास्त्रों में विद्यार्थियों के पांच लक्षण बताएं हैं। कौए की तरह चेष्टा करने का अर्थ है कि विद्यार्थी को हर समय जागरूक रहना चाहिए। अल्पाहारी का मतलब है कि विद्यार्थी को कम खाना चाहिए ताकि उसे आलस न आए। बगुले की तरह ध्यान लगाने का मतलब है कि विद्यार्थी को ज्ञान प्राप्ति के लिए पूरी तरह से एकाग्रचित्त रहना चाहिए। कुत्ते की तरह नींद लेने का अर्थ है कि विद्यार्थी को आलस नहीं करना चाहिए और हल्की से आहट पर उठ जाना चाहिए। गृहत्यागी यानी विद्यार्थी को अपने घर और माता-पिता से ज़्यादा मोह नहीं रखना चाहिए।

**नशा न करने का लिया संकल्पः** वैदिक आचार्य ने विद्यार्थियों को नशा न करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा बीड़ी सिगरेट, जुआ शराब मनुष्य जीवन को नष्ट करते हैं इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए। बच्चों ने हाथ उठाकर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ अवधेश कुमार मौर्य ने वैदिक विद्वानों का सम्मान किया एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. अनुपम मौर्य उपस्थित रहे।

Pg-03_Layout 1 1/24/2025 12:12 AM Page 1



## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में पहले दिन छत्तीसगढ़ की टीम आगे



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे राउंड का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच (23-26 जनवरी) को जमशेदपुर में झारखंड टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 230 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज अनुज तिवारी ने शानदार पारी खेलते हुये नाबाद 99 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशुतोष सिंह ने 43 रन तथा संजित देसाई ने 35 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह ने 5 विकेट तथा आदित्य सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में 6 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 11 रन बना लिये है। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 219 रनों से आगे है।

### फुटबॉल में एनएफसी दंतेवाड़ा की शानदार जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ स्टेट मेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत गुरुवार को पंत स्टेडियम में दुर्ग हीरोज एवं एनएफसी दंतेवाड़ा के मध्य मैच खेला गया। जिसमें एनएफसी दंतेवाड़ा ने 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। एनएफसी दंतेवाड़ा की ओर से पहला गोल 32 वें मिनट में जर्सी नंबर 10 बी गौरव ने दूसरा और तीसरा गोल जर्सी नंबर 27 श्रीकांत गडबा ने 36 वें और 39 वें मिनट पर किया। चौथा गोल जर्सी नंबर 23 भालेश ने 63 वें मिनट में किया। जवाब में दुर्ग हीरोज़ की टीम कोई भी गोल नहीं कर पाई।

### रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की दो वेटलिफ्टर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल के लिए चयनित




**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वेटलिफ्टिंग महिला टीम के 2 खिलाड़ी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता हिमाचल में 14 से 17 फरवरी तक आयोजित होगी। 45 किग्रा ग्रुप में संध्या साहू एवं +87 किग्रा ग्रुप में काजल साहू चयनित हुई है। इनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के संचालक डॉ रीता वेणु गोपाल, डॉ सी डी आगाशे और डॉ राजीव चौधरी ने शुभकामनाएं दी है। टीम के कोच तुलसी व प्रबंधक डॉ राजेश जंघेल है।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के वरिष्ठ संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर डॉ. पटनायक का किया अभिनंदन



**रायपुर।** डॉ. जी. एस. पटनायक को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का वरिष्ठ संयुक्त सचिव चुना गया है। यह निर्णय 7 जनवरी को चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया गया। इस बैठक में 2025 से 2029 तक के लिए महासंघ के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ।

डॉ. पटनायक इससे पहले 2021-2025 तक एएफआई में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके नेतृत्व और योगदान ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. पटनायक की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने उनके बिलासपुर स्थित निवास पर मुलाकात की। उन्हें इस सम्मानजनक पद पर चुने जाने के लिए बधाई दिए और स्वागत किये।

डॉ. पटनायक ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपने इस नए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, महासचिव अमरनाथ सिंह, मुख्य प्रशिक्षक पी जी कृष्णनन, देवेंद्र राठोर कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, सुनील कुमार पटेल, सुभाष कुमार, के श्रीनु कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, दीपक साहू एवं विक्रम साहू आदि उपस्थित रहे।

### इस मौसम में बढ़ जाता है हाई बीपी और स्ट्रोक का खतरा, रहें सावधान

# हाई बीपी की समस्या वालों को सर्दियों में अपना ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत


सर्दियों में हाई बीपी और स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। खून की नलियों का रास्ता संकरा होने पर ब्लड क्लॉट और स्ट्रोक होने का खतरा रहता है। स्ट्रोक को समय पर पहचानना और इलाज जरूरी है। अलग-अलग मौसम में अलग-अलग बीमारियों की संभावना बनी रहती है। यह उम्र के हिसाब से कम या ज्यादा हो सकती है। सर्दियों में कफ, कोल्ड, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतों के अलावा हाई बीपी की समस्या भी ज्यादा बढ़ जाती है। बीपी बढ़ने पर स्ट्रोक का खतरा भी बना रहता है। सर्दियों में बीपी पेशेंट्स को अपना खास ख्याल रखना चाहिए। स्ट्रोक क्यों होता है और सर्दियों में स्ट्रोक का खतरा क्यों बढ़ जाता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डॉक्टर विनीत बंगा, एसोसिएट डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दे रहे हैं।



### सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है हाई बीपी और स्ट्रोक का खतरा?

जिन लोगों को हाई बीपी की समस्या है, उन्हें सर्दियों में अपना ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे लोगों को सर्दियो में स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहता है। ठंड की वजह से हमारी खून की वाहिकाएं संकरी होने लगती हैं। ऐसा शरीर में गर्मी बनाए रखने के नेचुरल प्रोसेस की वजह से होता है। जिन लोगों को हाई बीपी है, रक्त वाहिकाओं के संकरी होने के कारण उनका बीपी और बढ़ सकता है। जिससे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी असर होता है। ठंडा मौसम और बढ़ा हुआ बीपी, स्ट्रोक का कारण बनता है। इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होती है।





### लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों का भी होता है असर

सर्दियों में बीपी और स्ट्रोक के पीछे लाइफस्टाइल से जुड़े बदलाव भी होते हैं। ठंडे मौसम में फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है और लोगों की डाइट भी अक्सर बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग ज्यादातर हाई सोडियम फूड लेते हैं, जिससे वेट गेन और हाई बीपी की समस्या देखने को मिलती है। इसलिए, सर्दियों में हेल्दी लाइफस्टाइल को मेंटेन करना जरूरी है।

### सर्दियों में बीपी पेशेंट्स को रखना चाहिए इन बातों का ख्याल



अगर आपको हाई बीपी है, तो सर्दियों में इसे रेगुलर मॉनिटर करें। बीपी में उतार-चढ़ाव होने पर उसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर की सलाह लें। सही खान-पान और समय पर दवाईयां लेना, सर्दियों में स्ट्रोक के खतरे को कम कर सकता है।



## संकेत बताते हैं कि अब आपको सोशल मीडिया ब्रेक की है जरूरत

सोशल मीडिया आज के समय में हर किसी की जिन्दगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे संकेत होते हैं, जो ये बताते हैं कि आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक की जरूरत है। इंटरनेट के इस युग में हम सभी के लिए सोशल मीडिया एक जरूरत बनता जा रहा है। सुबह उठकर हम सभी सबसे पहले अपने फोन को चेक करते हैं और सोशल मीडिया पर जाकर स्क्रॉल करना शुरू कर देते हैं। दूसरों की पोस्ट को लाइक करने से लेकर कमेंट लिखने व पढ़ने का यह सिलसिला हर किसी की जिन्दगी का एक हिस्सा बन चुका है। अधिकतर लोग अपनी लाइफ को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते हैं।

हालांकि, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन कभी-कभी दूसरों से कनेक्ट करने वाला यह प्लेटफार्म आपकी लत बन जाता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर दूसरों के रिएक्शन आपकी मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर डालते हैं।

ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि अब आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक ले लेना चाहिए-

### बहुत अधिक तनाव होना



अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से आप खुद को बहुत अधिक तनाव में महसूस करते हैं या फिर आपको एक भारीपन का अहसास होता है तो ऐसे में आपको सोशल मीडिया से ब्रेक ले लेना चाहिए। दरअसल, सोशल मीडिया पर मौजूद नेगेटिव खबरों व ऑनलाइन विवादों के लगातार संपर्क में रहने से आप भी नेगेटिव फील कर सकते हैं।

### असंतुष्ट महसूस करना

जहां सोशल मीडिया दूसरों से कनेक्ट करने का एक अच्छा तरीका है। वहीं, इन प्लेटफॉर्म पर लोग खुद की तुलना दूसरों से जरूर करते हैं। जिसके कारण उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। यह भी संभव है कि आप दूसरों के जीवन या लाइफस्टाइल को देखकर खुद में असंतुष्टि का अहसास करने लगें। अगर आपके मन में ऐसी फीलिंग्स बढ़ने लगी हैं तो बेहतर होगा कि आप एक कदम पीछे लें और कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

### नींद पर असर पड़ना

सेहतमंद रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। खासतौर से, बेडटाइम पर स्क्रॉल करने की उनकी आदत होती है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इसका अर्थ है कि आप अपने स्लीप पैटर्न के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे आपको कई तरह के हेल्थ इश्यूज का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि इस आदत को तोड़ने के लिए आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना लें।



## बगैर ब्रेड के भी बना सकती हैं सैंडविच

घर में जब बच्चे बार-बार सैंडविच के लिए जिद्द करें, तो आप ये हेल्दी सैंडविच बनाकर उन्हें देख सकती हैं। आइए आप भी ये सैंडविच रेसिपीज बनाने का तरीका जान लीजिए।

### सूजी से बनाएं सैंडविच

जी हां, आप सूजी की मदद से भी सैंडविच बना सकती हैं। यह सैंडविच 10 मिनट में बनकर तैयार होगा और सब्जियों और चीज़ से भरा सैंडविच पौष्टिक और स्वादिष्ट भी होगा। आपके बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

### सूजी के सैंडविच बनाने का तरीका

एक बड़े कटोरे में सूजी और दी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसमें बारीक कटे हुए प्याज सहित अन्य सारी सामग्री डालें। चीज़ को अलग रख लीजिएगा। बैटर को पतला नहीं कीजिएगा। इसे गाढ़ी कंसिस्टेंसी का होना चाहिए। बैटर को 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। सैंडविच को स्विच में लगाकर गर्म कर लें और उसे घी या बटर से ग्रीस कर लें। बैटर को एक फिर से मिलाएं और सैंडविच मेकर में फैला लें। अब एक-एक चीज़ की स्लाइस रखकर ऊपर एक और लेयर लगाएं। सैंडविच मेकर को ढक दें और सैंडविच बनने दें। आपका बिना ब्रेड वाला सैंडविच तैयार है। इसे चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

### रोटी से बनाएं सैंडविच



अगर रोटी बच गई है, तो आप उससे सैंडविच बना सकते हैं। कभी बच्चों का टिफिन बनाने में देर हो रही हो, तो रोटी में खूब सारी सब्जियां डालकर एक स्वादिष्ट लंच बॉक्स रेसिपी बन सकती हैं। आइए जानते हैं, इसे बनाने का तरीका-

### रोटी सैंडविच बनाने का तरीका

एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें और फिर प्याज डालकर उसे 1 मिनट सॉते करें। उसमें फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट और मिर्च डालकर भून लें। प्याज जब ट्रांसलूसेंट हो जाए, तो उसमें गाजर, पत्तागोभी, शिमला मिर्च और चम्मच स्वीट कॉर्न डालकर, सब्जियों को अधिक पकाए बिना एक मिनट तक भूनें। सब्जियों में पाव भाजी मसाला, नमक, हल्दी और मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें। इसमें पनीर, टमाटर सॉस और चिली सॉस डालकर मिक्स करें।

## पुराने बर्तनों का दान करना कितना सही, जानिए ज्योतिष की राय

विभिन्न मान्यताओं में पुराने बर्तनों का एक विशेष महत्व है। ये सिर्फ रसोई के बर्तन नहीं होते, बल्कि इनका गहरा संबंध हमारे धार्मिक और ज्योतिष दृष्टि से है। पुराने बर्तन अक्सर पीढ़ियों से चले आते हैं। इनमें पूर्वजों की स्मृतियां संजोई होती हैं। आइए ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर के पुराने बर्तनों का दान करना शुभ माना जाता है। यह कार्य न केवल आपके घर को ऊर्जा से मुक्त करता है, बल्कि यह आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकता है। पुराने बर्तन अक्सर नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और घर में अशांति का कारण बन सकते हैं। जब आप इन बर्तनों को दान करते हैं, तो यह न केवल आपके घर की सफाई करता है, बल्कि यह दानी के रूप में पुण्य कमाने का भी एक अच्छा साधन बनता है। इसके अलावा, पुराने बर्तनों का दान करने से घर के सदस्य मानसिक शांति और समृद्धि का अनुभव करते हैं, जिससे जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। ज्योतिष के अनुसार, दान करने का समय और तिथि भी महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए इसे विशेष मुहूर्त या शुभ दिन पर करना अधिक प्रभावी माना जाता है।



### किस दिन करना चाहिए पुराने बर्तन का दान?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पुराने बर्तनों का दान शुभ दिनों में करना चाहिए, जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो। विशेष रूप से शनिवार, मंगलवार और गुरुवार को दान करना उत्तम माना जाता है। शनिवार को विशेष रूप से बर्तन दान करने से शनि दोष दूर होता है और घर में समृद्धि आती है। मंगलवार को मंगल दोष के निवारण के लिए बर्तन दान करना लाभकारी है। गुरुवार को बर्तन दान करने से बृहस्पति ग्रह की कृपा मिलती है और जीवन में खुशहाली आती है। इन दिनों दान करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में शांति बनी रहती है।

कार्नर न्यूज


### ठंड के मौसम में ज्यादा देखने में आती है मांसपेशियों से जुड़ी शिकायतें

# सर्दियों में वर्कआउट के दौरान रहें ज्यादा सतर्क, ध्यान में रखें बेहद जरूरी टिप्स

इन दिनों सर्दियां हमारी दैनिक दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। कुछ लोगों को अत्यधिक अकड़न वाली मांसपेशियों और अंतहीन दर्द का अहसास भी हो रहा है। हालांकि गर्मियों और सर्दियों में वर्कआउट करने के बीच बहुत अधिक बदलाव नहीं होता है, फिर भी इंजरी से बचने के लिए कुछ चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां कुछ जरूरी बातें बताई गई हैं, जिन पर आपको सर्दियों के दौरान वर्कआउट करते समय ध्यान देने की जरूरत है:

### वर्कआउट से पहले गंभीरता से वार्म-अप करें

ऐसा नहीं है कि आप यह पहले से नहीं जानते थे, लेकिन हर कोई गंभीरता से वार्म-अप नहीं करता। जबकि गर्मियों में शरीर पहले से ही गर्म होता है, लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता। एक डायनेमिक वार्म-अप यहां एक बढ़िया टूल है। कुछ बॉडी वेट एक्सरसाइज चुनें और 3-5 मिनट का एक छोटा सा सर्किट करें। यदि आपके जिम में रोइंग मशीन है, तो और भी अच्छा! आगे बढ़ें और पूरे जोर से 1-2 मिनट के लिए इसे करें और पसीना पोंछना। डायनेमिक वार्म-अप करें, स्टेटिक वार्म अप से परेशान ना हों: डायनेमिक वार्म-अप में कुछ मिनटों के लिए तेजी से आगे बढ़ना



शामिल है और स्टेटिक स्ट्रेचिंग एक जगह पर खड़े होकर स्ट्रेचिंग करने के अलावा और कुछ नहीं है। अब, यहीं पर लोगों को यह सब गलत लगता है। वर्कआउट के बाद स्टेटिक वार्म-अप करना चाहिए क्योंकि शरीर पहले से ही गर्म होता है और मांसपेशियों के ऊतकों में अधिक लचीलापन होता है। वर्कआउट शुरू करने से ठीक पहले एक गतिशील वर्कआउट किया जाना चाहिए, सिर्फ इसलिए क्योंकि यह आपको गर्म करता है और आपको तैयार करता है। उचित डायनेमिक वार्म-अप किए बिना स्टैटिक स्ट्रेचिंग करने से इंजरी हो सकती है।

### पानी पियें!

स्पष्ट कारणों से, सर्दियों के दौरान हाइड्रेशन में भारी गिरावट आती है। हमें प्यास ही नहीं लगती। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी मामलों में हमें अधिक पानी की आवश्यकता नहीं है। सर्दियों के दौरान एक बार कठिन वर्कआउट करने के बाद, आपको एहसास होगा कि आप वास्तव में कितने डी-हाइड्रेटेड हैं। आप दिन भर में कितना पानी पी रहे हैं, इसकी कड़ी निगरानी रखें।

### वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से निपटें

सर्दी के मौसम में दोगुना दर्द हो सकता है। कई रीसर्च में करक्यूमिन (हल्दी में पाया जाना वाला तत्व) को देर से शुरू होने वाले मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाने में मददगार पाया गया है। यह एक बहुत शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट भी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड' को चीन में भी रिलीज करने की तैयारी



कैप्टन अमेरिका की पिछली किस्तों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कथित तौर पर द विंटर सोल्जर ने 115.6 मिलियन डॉलर यानी 9930 करोड़ रुपय की कमाई की और सिविल वॉर ने 180.8 मिलियन डॉलर यानी 15520 करोड़ रुपए की कमाई की। ब्रेव न्यू वर्ल्ड, जिसे कैप्टन अमेरिका 4 कहा जा रहा है। इससे प्रशंसकों को बेहद उम्मीदें हैं। मीडिया रिपोट्स के अनुसार, साल 2011 में आई पहली कैप्टन अमेरिका को उस समय चीन और अमेरिका के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों की वजह से चीन में दिखाने की कानूनी रूप से अनुमति नहीं दी गई थी। लेकिन ब्रेव न्यू वर्ल्ड को अब चीन में दिखाने की स्वीकृति दे दी गई है। आधिकारिक तौर पर इसे 14 फरवरी को वेलेंटाइन के दिन रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही अमेरिका में भी इसकी पहली रिलीज होगी। कैप्टन अमेरिका 4 की रिलीज से पहले इसका प्रचार जारी है। वहीं, चीन के दर्शकों के लिए एक नया खास पोस्टर जारी किया है। फिल्म की प्री-सेल अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है, जब चीनी स्प्रिंग फेस्टिवल समाप्त हो जाएगा।

जूलियस ओना द्वारा निर्देशित और सैम विल्सन-कैप्टन अमेरिका के रूप में एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत, ब्रेव न्यू वर्ल्ड क्रिस इवांस के स्टीव रोजर्स से मिले पद के बाद विल्सन की सफर की कहानी को आगे बढ़ाती है। फिल्म में डैनी रामिरेज, शिरा हास, कार्ल लुंबली, जोशा रोक्मोर, जियानकार्लो एस्पोसिटो, टिम ब्लेक नेल्सन और हैरिसन फोर्ड भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## महाकुंभ वाली मोनालिसा पर बन गए कई धमाकेदार गाने



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े मेले महाकुंभ में देश-दुनिया की भीड़ जुटी हुई है। यहां पर एक लड़की खूब चर्चा बटोर रही है। अपनी खूबसूरत आंखों की बदौलत। मध्य प्रदेश के महेश्वर में रहने वाली इस लड़की का नाम मोनालिसा है और ये महाकुंभ में माला बेचने आई है। खूबसूरती के कारण रातोंरात वायरल हुई इस लड़की का क्रेज इस कदर है कि भोजपुरी में अब तक कई धमाकेदार गाने बन चुके हैं। एक भोजपुरी गाना बना है, जिसका नाम 'महाकुंभ में वायरल भईली मोनालिसा।' इस गाने के सिंगर अहमद राज हैं और गाने के बोल प्रकाश परवाना ने लिखे हैं। संगीत मंटू मनीष का है। इस गाने में मोनालिसा की महाकुंभ से कई झलकियां हैं। ऐसा ही एक और भोजपुरी गाना बना है मोनालिसा पर, जिसे राजन रंगीला ने गाया है। गाने के बोल हैं- कुंभ के मेला में हिलवले बाड़ू। इस गाने के बोल मन्नू बादशाह ने लिखे हैं और म्यूजिक रवि प्रकाश का है। गाने को यूट्यूब पर अब तक 20 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। माला लेलऽ भईया हो... सिंगर आदर्श लाल यादव ने मोनालिसा के माला बेचने पर ही एक भोजपुरी गाना बना दिया। इसके लिरिक्स भी आदर्श लाल यादव ने लिखे हैं। म्यूजिक जयदेश माही का है। मोनालिसा की खूबसूरत आंखों पर भी एक भोजपुरी गाना बना है- नीली नीली अंखिया। इस गाने को संदीप मिश्रा और प्रतिभा राज ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल कृष्णा कैचा ने लिखे हैं और म्यूजिक आर्या शर्मा का है। इस वीडियो में मोनालिसा के कई सारे क्लिप हैं, जिनमें उनकी खूबसूरती साफ झलक रही है। भईल वायरल बेच के माला... मोनालिसा पर एक और भोजपुरी गाना माला बेचने पर बनाया गया है। इसे अर्जुन राजा ने गाया है।

### छॉलीवुड

## 'मोह अऊ माया' का पोस्टर रिलीज सिनेमाघरों में शीघ्र होगी प्रदर्शित



अऊ माया' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जिसके डायरेक्टर और लेखक हेमंत तिवारी (राहुल) को उम्मीद है कि इस फिल्म में हॉरर ,कॉमेडी, लव स्टोरी और सस्पेंस को दर्शक जरूर पसंद करेंगे। फिल्म के कलाकार एवरग्रीन विशाल, काजल पांडे, अमन सागर, पुरन किरी, विनायक अग्रवाल, गायत्री निषाद, अंशुल अवस्थी, सनीत स्वामी, लंकेश यादव, शुभम टंडन, प्रवीण पांडे, अमन तिवारी, रतीभान चौहान, सरोज यादव और भोला पांडे शामिल हैं। फिल्म मैं कैमरा जितेंद्र भारद्वाज, एडिटिंग और वीएफएक्स रतिभान सिंह चौहान और इसके बीजीएम आशीष रॉबिंसन और सॉन्ग म्यूजिक एम डी कैफ इस फिल्म में जाने माने सिंगर सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, कंचन जोशी, मोनिका वर्मा जी ने स्वर दिया है और गाना के रचनाकार पुरुषोत्तम चौहान और आशीष ने किया है गाने के कोरियोग्राफर राजा सेंद्रे, और कॉन्सेप्ट विवेक दीक्षित और प्रीति दीक्षित के द्वारा किया गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट और असिस्टेंट डायरेक्शन का काम प्रवीण पांडे, सनीत स्वामी अनन्या रावत, अमन तिवारी के द्वारा किया गया है और इस फिल्म में मेकअप तनुश्री पांडे और रीना हिरवानी के द्वारा किया गया है प्रोडक्शन का काम योगेश तिवारी, रवि देवांगन , चुम्मन ठाकुर, सनीत स्वामी, भोला पांडे ने किया है। तिवारी ने बताया कि यह फिल्म गरियाबंद जिले की खूबसूरत वादियों में शूट की गई है और जल्द ही सभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

### पारंपरिक ट्रेंड




> वैश्विक फैशन के प्रभाव में भारतीय पारंपरिक पहनावे में धीमा लेकिन परिवर्तनकारी बदलाव देखने को मिल रहा हैं। साथ ही, भारतीय कपड़ों को उनके जीवंत रंग, शिल्प कौशल और आराम के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। हाल ही में हुए मेट गाला खूबसूरत मॉडल ने अपने भारतीय परिधानों को दिखाया और अपने कपड़ों और लुक के लिए सराहना पाई।

## गुलाब जल में कुछ भी मिक्स करने से पहले सोचें



गुलाब जल को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन इसे अलग-अलग इंग्रीडिएंट्स के साथ मिक्स करके स्किन पर अप्लाई किया जाता है। लेकिन ऐसे कई इंग्रीडिएंट्स होते हैं, जिन्हें गुलाब जल के साथ मिक्स करने से बचना चाहिए। गुलाब जल को कभी फेस ऑयल के साथ मिक्स करके अप्लाई नहीं करना चाहिए। दरअसल, गुलाब जल वाटर बेस्ड होता है और इसलिए यह काफी हद तक संभव है कि यह ऑयल के साथ अच्छी तरह मिक्स ना हो। अगर आपकी स्किन रूखी है तो ऐसे में आप फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

लेकिन इसे गुलाब जल के साथ मिक्स ना करें। बेहतर होगा कि आप पहले अपनी स्किन पर गुलाब जल अप्लाई करें और उसके कुछ देर बाद ही फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। नींबू के साथ गुलाब जल मिक्स करके अप्लाई करना भी उतना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, नींबू विटामिन सी रिच होता है। वहीं, गुलाब जल भी हल्का अम्लीय होता है। ऐसे में जब विटामिन सी रिच नींबू और गुलाब जल को एक साथ मिक्स किया जाता है तो इससे आपकी स्किन में जलन या सेंसेटिविटी की परेशानी हो सकती है।

हालांकि, अक्सर लोग इन्हें मिक्स करके लगाते हैं, लेकिन फिर भी आपको एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। कुछ लोग गुलाब जल को बतौर टोनर इस्तेमाल करना भी पसंद करते हैं या फिर इसे अपने टोनर में मिक्स करना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अल्कोहल बेस्ड टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो उसके साथ गुलाब जल को मिक्स ना करें। इससे आपको अपनी स्किन में बहुत अधिक रुखापन, जलन या इरिटेशन की शिकायत हो सकती है।

## देखने में बेहतरीन और पहनने में स्टाइलिश लुक देते हैं आलिया कट डिजाइन वाले ये सलवार-सूट






कहीं जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, हम सभी सूट के कई तरीके के डिजाइंस को अपनी वार्डरोब में शामिल करते हैं। इसके लिए हम कई सेलेब्रिटी के स्टाइलिश लुक्स को भी री-क्रिएट करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आलिया कट डिजाइन के सूट काफी पसंद किए जाते हैं।

वेडिंग सीजन से लेकर रोजाना तक के लिए इन स्टाइलिश सूट को आप पहन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं आलिया कट सलवार-सूट के खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### नायरा स्टाइल आलिया कट सूट

आलिया कट स्टाइल को कलीदार लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से दोनों तरफ साइड स्लिट कट वाले नायरा कट डिजाइन का सूट बनवा सकती हैं। सूट को आलिया कट देने के लिए आप पाइपिंग वाली लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाहे तो साइड में डोरियां भी लगवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप प्लेन डिजाइन के दुपट्टे को पहनें।

### सिल्क डिजाइन आलिया कट सूट

शाइनी और फैंसी लुक वाला सूट बनवाना चाहती हैं तो इस तरीके से आप सिल्क फैब्रिक की मदद लेकर कुर्ती स्टाइल में आलिया कट में सलवार सूट बनवा सकती हैं। इसके साथ आप प्लाजो पैन्ट्स को पहनें और इन पैन्ट्स के बॉर्डर के लिए आप बटन या कोई कट वर्क वाला डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप दुपट्टे को स्किप कर सकती हैं।

## दिखना है मॉडर्न और जवां तो ट्राई करें डिजाइनर सीक्वेन साड़ी के ये खास लुक्स



साड़ी का चलन आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। इसमें आजकल आपको कई डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन आजकल की बात करें तो साड़ी में ग्लैमरस लुक पाने के लिए सीक्वेन वर्क के डिजाइन वाली साड़ी बेस्ट रहती है। खासकर रात के फंक्शन के लिए इस तरह की साड़ी बेस्ट रहती है। सीक्वेन साड़ी में आपको बारीक और मोटी सिप्पियों में कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सीक्वेन साड़ी के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स-

### ऑम्ब्रे साड़ी डिजाइन

सिंपल से अलग कुछ नया सीक्वेन वर्क में ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरीके के दो कलर कॉम्बिनेशन वाली ऑम्ब्रे साड़ी वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरीके के लुक को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है।

### गोल्डन साड़ी लुक

यह साड़ी मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है, लेकिन इस तरीके का लुक आपको मार्केट में लगभग 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि गोल्डन कलर एवरग्रीन पसंद किया जाता है। वहीं इसमें आपको लाइट शैम्पेन गोल्ड से लेकर डार्क कॉपर गोल्डन कलर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### ब्लैक साड़ी लुक

परफेक्ट ग्लैमरस और क्लासी लुक पाने के लिए ब्लैक कलर अपनेआप में ही काफी हॉट लुक देने में सहायता करता है। इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। वहीं आप चाहे तो ब्लाउज के लिए साटन के फैब्रिक को चुन सकती हैं।

## पुरानी सिल्क साड़ी को नया लुक देने के काम आएंगे ब्लाउज के खास डिजाइंस



साड़ी पहनना सभी महिलाओं को पसंद होता है और इसके ए दिन नए से नए डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन आपको मिल जाएंगे। वहीं सिल्क साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। साड़ी के साथ तरह-तरह के डिजाइन मिल जाएंगे, लेकिन अलमारी में बंद पड़ी साड़ी को न्यू लुक देने के लिए आपको स्टाइलिंग में कुछ बदलाव कर सकती हैं। स्टाइलिंग की बात करें तो सिल्क साड़ी के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए ब्लाउज के लिए कोई नया डिजाइन चुन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सिल्क साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल और फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ में आप आसानी से बनारसी सिल्क जैसी अन्य सिल्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज आप ब्लैक या गोल्डन कलर में खरीद सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कलर लगभग सभी तरह की सिल्क साड़ी के साथ आसानी से मैच कर जाते हैं।

### हॉल्टर नेक ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और बैकलेस डिजाइन के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के डिजाइन आपके लुक को स्टेटमेंट देने का काम कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो हॉल्टर नेक के स्ट्रैप के लिए चौड़े डिजाइन को चुन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, बनीं नौजवानों की पसंद

## कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं आप एथलेजर वियर से, जानिए कैरी करने के आसान टिप्स

*एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं। इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा। इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह है- ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं।*



### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल, फिट, फंक्शनैलिटी,कपड़ा आराम वाला एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं। इस फैब्रिक की खासियत इनका रिंकल फ्री, मॉइश्चर को सोखने वाला और फ्लेक्सिबल होना होता है।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी



इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं। जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।